THIS REFERS to the editorial, 'Problem with figures' (IE, December 30). At last, the Narendra Modi government, coming out of its orthodox cocoon, has reposed its faith on statisticians and economists who have raised their voices earlier against the unwanted political interference in the functioning of official statistical machinery. The formation of a four-member Standing Committee on Economic Statistics is welcome. It must be allowed to function with freedom and dignity.

**Chanchal Nandy,** *via email*

### LETTER OF THE WEEK AWARD

**To encourage quality reader intervention, The Indian Express offers the Letter of the Week award. The letter adjudged the best for the week is published every Saturday. Letters may be e-mailed to editpage@expressindia.com or sent to The Indian Express, B-1/B, Sector 10, Noida-UP 201301.**

### LISTEN TO KABIR

THIS REFERS to the article, 'The freedom to speak up' (IE, December 31). The ruling dispensation seems to view its mandate as a license to carry out an agenda that appeals to its most virulent fringe. It is heartening to see a person of influence, like Kabir Khan, speaking up. More people must do so. And the government must start to listen.

**Bishwadeep Chatterjee,** *Delhi*

ECONOMY

# CHALLENGES: BOOST GROWTH AND GST REVENUES, KEEP DEFICIT IN CHECK

SANDEEP SINGH, SUNNY VERMA & AANCHAL MAGAZINE

SEVERAL ANNOUNCEMENTS made by the government after the Budget in July 2019, aimed at quelling anxiety around slowing economic growth, falling private sector investment, and decline of consumption, have so far failed to achieve the desired results. As India Inc., bankers, economists, and consumers wait for a next round of measures in the Budget next month, they will be watching how the government balances measures to boost growth with its stated objective of sticking to the fiscal deficit target, improves GST collections, and keeps rising inflation under check.

## Where we stand now

GDP growth for the second quarter was at a six-year low of 4.5%. The Finance Minister has said earlier that the economy may have bottomed out; several analysts and experts, however, feel the worst may not be over yet.

Passenger car sales, which witnessed a marginal uptick of 0.3% in the festival month of October after sliding continuously over the previous 10 months, went back into decline mode in November. In the eight months of this financial year, passenger car sales have declined 18%, sales of medium and heavy commercial vehicles by 37%, and two wheelers by 15.7%. This indicates a slowdown in economic activity in both urban and rural areas, and in industrial demand.

Between April and October, gross bank credit growth expanded by just 0.7%; within that, the credit outstanding for the industrial and services sectors contracted 3.4% and 2.6% respectively. The personal loan segment expanded by only 7.6%.

Power demand has been falling — as of November 11, of the total 262 coal, lignite, and nuclear units, 133 were shut due to lack of demand. As of November 7, peak demand met was 1,88,072 MW, a little less than half the total installed generation capacity of 3,63,370 MW.

Both direct and indirect tax collections have slowed due to the overall economic slowdown, and it will be a challenge for the government to meet tax receipt targets set in the Budget. GST revenue collections have been slowing over the past few months. Barring November, when collections picked up due to festival sales, GST revenue has contracted for the previous two months, leading to delayed compensation payments to states.

The central GST collection during April-November has fallen nearly 40% short of the Budget estimate — Rs 3,28,365 crore against the Budget estimate of Rs 5,26,000 crore — as per data presented to Parliament. Direct tax collections have fared no better, with only 41.7% or Rs 5.56 lakh crore of the target of Rs 13.35 lakh crore, collected during the first eight months of the financial year, government data show.

## What the government can do

There have been calls for the government to lead the revival through aggressive spending. The question is whether the government has the wherewithal to do so.

After the cut in corporate tax rates, there are expectations now of a reduction in income-tax rates, or adjustment of tax slabs in the Budget to stimulate demand. However, the government's fiscal health does not provide it with much leeway for an aggressive expenditure push. The fiscal space is tight, especially after the sharp cut in corporate tax rates, which is estimated to cost the exchequer Rs 1.45 lakh crore.

Privatisation of state-owned companies such as BPCL, Shipping Corporation of India and Container Corporation of India Ltd is being lined up to generate resources to cover the expected shortfall in tax revenues. A rollover of subsidies this year could add close to 0.3% of GDP to the fiscal space. Even so, analysts expect the fiscal deficit to be around 3.7-3.9 per cent of GDP, against the target of 3.3% by March-end 2020.

With the Reserve Bank of India maintaining a pause in its rate reduction cycle during the latest review of monetary policy, the government might wait for the corporate tax cuts to drive investments in the economy.

One way for the government to give a spending push will be to postpone the fiscal consolidation plan. Industry executives argue that if reduction is put on hold for a couple of years, the government would have extra resources to push spending. As the economy picks up pace later, it can revert to the targeted reduction in deficit.

*Illustration: Suvajit Dey*

GOVERNMENT & POLITICS

# Pitched battle ahead for states, ideas, institutions

LIZ MATHEW

THE NEW citizenship law and the proposed National Register of Citizens (NRC) that have brought thousands of protesters out in the streets in many cities and towns, have not only overshadowed the concerns over the deepening economic slowdown and the absence of jobs, but have also become significant agents of polarisation.

The political scenario in 2020 will reflect the manner in which the mass public demonstration of disagreement with the government plays out — whether it helps the BJP to consolidate its Hindu base, or inspires civil society to increase the pressure on the regime by questioning its failures and broken promises on the economic front.

In drawing out at many places people of all castes and communities against the government, with gestures such as waving the Tricolour and reading from the Constitution, the protests are likely to have assured the minority Muslims that they are not completely isolated in society. While the BJP continues to publicly downplay the protests and dismiss them as orchestrated by political opponents, a section of party leaders believes that pressing ahead with the NRC in the face of the opposition would trigger widespread anger among citizens.

After the euphoria of the Lok Sabha elections, 2019 has ended on a sombre note for the BJP with the defeat in Jharkhand. The Delhi elections will present an opportunity early in 2020 for the BJP to test the polarisation quotient of the new citizenship law. Following the enactment of the law, BJP leaders in Delhi have been optimistic about their prospects.

After Delhi in February, comes Bihar in October. The triumphs at the Centre in 2014 and 2019 notwithstanding, the BJP's defeats in 2015 in Bihar; in 2017 in Punjab; in 2018 in Rajasthan, Madhya Pradesh, and Chhattisgarh; and in 2019 in Jharkhand underline the party's vulnerabilities in the states when the vote is not directly to make Narendra Modi Prime Minister. In Gujarat (2017), and Haryana and Maharashtra (2019), the BJP performed below expectations. Building state leaderships that can complement Modi's popularity will be one of the party's top tasks in 2020.

At this juncture, a change in the party's internal dynamics could be significant. Amit Shah is likely to be replaced as the BJP's national president by J P Nadda — for whom the major challenge will be to retain the BJP's reputation and abilities as an election-winning machine. The hold of Modi-Shah over the party is absolute now — political observers would be watching whether Nadda might emerge as another power centre.

And what of the Congress, the shrunken party that the BJP continues to attack relentlessly, but which has improved its credibility as the leading Opposition party by producing an impressive performance in Haryana, succeeding in keeping the BJP away from power in Maharashtra, and winning Jharkhand along with senior partner JMM?

The Congress task in Delhi is uphill, where it will be battling for largely the same votebank as the Aam Aadmi Party, which has a formidable record in government to show. In Bihar, the Congress is not a force at all, and will hope to ride with the RJD. Nitish Kumar's opposition to the NRC — along with his record of political flexibility — has raised fresh talk of a possible realignment of political forces.

The confusion at the party's highest level, however, continues. Sonia Gandhi's taking charge at a critical time is only an interim arrangement, and the leadership issue is far from settled. Rahul Gandhi's stated reluctance notwithstanding, the chances of the Congress having a president from outside the family are bleak.

Then, there are questions about the future of India's democratic institutions. The neutrality of several public institutions and offices have been put under a cloud, and the new year will see them subjected to continued scrutiny from the people and civil society.

The Supreme Court will hear the challenges to the removal of the special status of Jammu and Kashmir and the new citizenship law, among several crucial cases. The highest court will be called upon to both demonstrate and interpret its role as the guardian of the Constitution, and the guarantor of the founding principles of the republic. On test also will be the court's resolve to safeguard the independence of the higher judiciary.

(WITH MANOJ C G AND ANANTHAKRISHNAN G)

The year ahead will show whether the current protests against the government helps the BJP to consolidate its Hindu base, or inspires civil society to increase pressure on the regime by questioning its failures and broken promises on the economic front

TECHNOLOGY

# EXPECT BETTER PHONES, GREATER CONTROL OVER DATA, BUT NO BIG 5G BOOM

NANDAGOPAL RAJAN

Tech trends change faster than you can jot them down. Given the pace at which technology is moving, it is expected that countries like India will leapfrog a few steps — they miss the bus often, but are the first to catch the Metro. We will see a lot of technology in 2020 — some that will change our lives, and some that will change even before we notice.

**How will 5G impact your life?**

We don't know if 5G will become available in India this year. Expect some pilots, but not a full-fledged rollout. And even if 5G does start rolling out, it is not going to impact most of us immediately.

This is because smartphones that can use this technology are very expensive as of now — and these uses may not be enticing enough for most people to spend a lot of good money on. Also, since 4G data speeds are already very fast, the jump in speeds will not be that discernible for regular users.

But what 5G will enable is new experiences and use cases. For instance, online video could become more interactive and immersive while offering viewers the ability to change camera angles in real time even on 3D streams. Also, this new generation of networks will empower a mesh of billions of connected devices that can function without human intervention.

**Will smartphones get better?**

They are already quite good, so again, incremental changes may not be good enough for people to commit to an upgrade. Smartphone companies will try to woo you with more of everything — more cameras, more storage, more memory, even more screens.

Where we could see some real innovation is in the second wave of foldable devices, which could make this new form factor practical, and not just a fad. We could see larger screen devices that emerge out of chassis that are smaller than feature phones. This could offer a solution, which present smartphones cannot.

Another new offering will be 5G devices that are more affordable, and offer a real value proposition to potential customers.

**What else will get smarter?**

If a device has a chip inside, it has the potential to get smarter. In 2020, gadgets and appliances will be able to assign to themselves small levels of autonomy. They will learn from their user, and connect to the web and understand what users generally do. You will also see a lot of smartness come into everything from email to smartphones — constantly predicting what users will do, and trying to do it before they do. It does sound slightly scary, but it has immense potential if human intelligence retains control over artificial intelligence.

**Will more devices hear?**

Amazon's Alexa is now an Application Programming Interface (API) that can be plugged in to make any device respond to voice commands. It is already being loaded onto cars, and even very affordable earphones can answer a query if you start it with the right wake word.

But devices that hear will not be about convenience; they will be about access. Voice commands suddenly opens up the technology to people who otherwise would have struggled because of barriers presented by literacy, age, or just technology. As Alexa, Google Assistant and Siri get more intelligent, learning from everything they hear and respond too, questions are bound to arise on how much they should hear, especially of what they are not supposed to.

**Will your data be of more value?**

Yes, user data will finally be of some value to the user herself, and not just to the companies that mine it — with or without her consent.

This year, expect to take more informed decisions about your health, your spending, and your interactions with technology, because you will have more data on all of the above. Insurance companies could reward users who have a control on their health, as recorded by their smart bands and watches. However, users are gradually pulling out data from their social media accounts — as they become aware of how their data is used, they want to share less of their lives with social media companies.

SPORT

# Hundred challenge to T20, borderline sports coming through the Rings

SANDEEP DWIVEDI

A LATE 2019 headcount shows the existence of at least 25 recognised international T20 leagues globally. In India, the IPL has about 10 offsprings around the country. Cricketers without borders — that ever-increasing tribe of nomadic T20 players — continues to effortlessly hop continents. Nationalism on cricket fields is shrinking. Franchisism is the new driving force on Planet T20.

This was another year when Test cricket tried to stay relevant. It stayed up late and wore pink more often. The 50-over game — that much-neglected has-been dealing with a mid-life crisis wretch — rediscovered its glory hour in 2019. The World Cup final, *aka* greatest game ever, halted cricket's much-ignored middle child's worrying slide down the popularity charts. Meanwhile, T20 continued its monstrous growth. The newest format's knack of hooking new fans kept exposing old cricket's inadequacies that come in way of making it a mass sport with universal appeal.

But 2020 might present Twenty20 with its first big challenge. In July, England will launch cricket's fourth format — a shorter and simplified version that's devoid of this aged game's ingrained eccentricities that have historically put off the uninitiated. Called 'The Hundred', it'll be a 100-ball-per-side game that isn't a T20 offshoot like, say T10, but a mutant with a uncomplicated binary DNA. A change of ends after 10 balls, and bowlers bowling 10 consecutive balls are some variations aimed at wiping away cricket's unique six-ball over concept. Packaged as a two-and-half-hour hit-and-miss gig, The Hundred aspires to spread cricket beyond the old British colonies and rekindle the perennial dream of an Olympic entry.

For years, cricket's expansion has been an illusion. The ICC's much-publicised China reach is an exercise in optics. The country that has historically under-performed in team sports has given no clear signal to pad up *en masse*. But then, we should have known our neighbours better by now. China would rather sponsor IPL than have a league of its own. Except for Afghanistan, Nepal, and Papua New Guinea now, cricket beyond the Top 10 countries is still played by mostly Commonwealth expats.

The Hundred is cricket's one desperate charge to somehow sneak into the sporting world's Promised Land America. Even though a good, hard, honest look in the mirror will show cricket that this is nothing but a leap of faith. Be it the Olympics or America, cricket happens to be way down the queue of sports jostling to capture global eyeballs. This '100'-themed cosmetic baseballisation of the game might not be enough to guarantee Kohli, Root, Starc, and the likes a Summer Games experience.

While cricket was discovering cheergirls, numbered T-shirts, and merchandising, the rest of the sporting world was finding newer ways to attract fans. Of late, the market-driven suits at the International Olympic Council have been leaning heavily on data optimisation spreadsheets while choosing their sports. They too are going down that slippery slope called clickbait. With an eye to woo big-spending brands that cater to the young, they were unabashedly swaying towards the youth demographic in the developed nations. Result: Tokyo 2020 will have surfing, skateboarding, and sport climbing as medal events. There's more in the pipeline.

Paris 2024 is eagerly awaited by the cool folks who wear their caps backward and sport dangerously low-waist pants. Break dancing makes its Olympics debut with a promise to make the Games more urbane, artistic, and diverse. This new sport proved to be a runaway hit at the last Youth Olympics with the gold medal won by a rubber-body Russian known on the break dance circuit as Bumblebee.

The success of the borderline Olympic sports next year will decide the future of the other outlier that's pushing and shoving its way to be under the flag with five rings. E-Sports, the umbrella term of most Gaming enterprises, made its grand Asian Games entry in 2018. Even the IOC no longer rolls its eyes at these non-physical sports. They are engaging Gaming officials to understand the phenomenon that is driving away the youth from sporting fields. A virtual win for Gaming in round one.

Meanwhile, a handful of ECB officials and some retired cricketers feel that The Hundred will be the vehicle that will take cricket to Olympics. OK Boomer.

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 12 अंक 271

## विजन 2020

**भारत** की आर्थिक वृद्धि पिछली पांच तिमाहियों से लगातार सुस्त पड़ती जा रही है और पूर्वानुमानों की मानें तो निकट भविष्य में इसके तेज होने की संभावना काफी कम है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यत: सामाजिक एजेंडे वाले कदम उठाए जिन्होंने उन्हें भारी बहुमत दिलाया। लेकिन राज्यों में उनकी पार्टी के सिकुड़ते आधार को उन्हें इसका संकेत मानना चाहिए कि अर्थव्यवस्था की कीमत पर हिंदुत्व के घोषणापत्र को प्राथमिकता देने के जोखिम भी हैं। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर जारी हंगामे के बीच झारखंड में मिली हार के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश के 71 फीसदी से घटकर 35 फीसदी क्षेत्र तक सिमट गई है। यह इस द्विभाजन का सबसे सटीक संकेतक है। झारखंड में मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के अभियान में आदिवासी मतदाताओं के बारे में घुमावदार समझ दिखी। बढ़ती बेरोजगारी और नक्सली समस्या यहां की सबसे बड़ी चिंताएं हैं लेकिन शाह इन मुद्दों के बजाय अयोध्या में आसमान छूने वाला मंदिर बनाने की बात करते रहे। इसके पहले भारत की वित्तीय राजधानी कहे जाने वाले राज्य महाराष्ट्र में भी भाजपा पिछली बार से भी कम सीटें जीत पाई और अपने दम पर निर्णायक बहुमत नहीं जुटा पाई। इसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा की तमाम कोशिशों के बावजूद उससे नाराज एक पुराने सहयोगी दल की अगुआई में दूसरी सरकार बन गई।

इन दोनों राज्यों में मिली हार राष्ट्रीय एवं राज्यों के चुनाव में फर्क कर पाने की समझ पर सवाल उठाती हैं। यह संभव है कि राष्ट्रीय चुनाव कहीं बड़े एवं अमूर्त विचारों पर लड़े जाएं लेकिन राज्यों के चुनाव अमूमन रोजी-रोटी के मसले पर ही लड़े जाते हैं। वर्ष 2017 में गोवा और कर्नाटक में विधायकों के पाला-बदल के समय भी यह दिखा था। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2018 में मिली शिकस्त भाजपा के लिए चेतावनी होनी चाहिए थी। उन तीनों राज्यों में ग्रामीण असंतोष गहराने का मुद्दा सबसे अहम था। इस असंतोष के लिए वर्ष 2016 में हुई नोटबंदी और उसके एक साल बाद जीएसटी प्रणाली के जल्दबाजी में क्रियान्वयन को जिम्मेदार माना गया।

मोदी ने 2019 के चुनावों की आचार संहिता लागू होने से ऐन पहले कृषि आय समर्थन योजना की घोषणा की थी लेकिन वह जमीन से आ रहे संदेश को ठीक से समझ नहीं पाए। इस पर ध्यान देने के बजाय उन्होंने वायुसेना के विमानों को पाकिस्तान की सीमा के भीतर जाकर आतंकी ठिकानों पर हमले करने का बहुत बड़ा दांव खेल दिया। मोदी ने मान लिया कि उन्हें दूसरी बार मिला बहुमत 'अधिक साहसी एवं बड़े हिंदुत्व' के लिए निर्देश-पत्र है। अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करना, जम्मू कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों के रूप में बांटना, सीएए को पारित कराना और देश भर में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। लेकिन सीएए-एनपीआर जोड़ी पर गैर-भाजपा शासित राज्यों और कुछ गठबंधन सहयोगियों की कड़ी आपत्तियों के बाद मोदी की हिंदुत्व परियोजना राज्यों के हाथों में बंधक बन गई है।

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लंबा अनुभव रखने से मोदी को पता होना चाहिए कि आर्थिक सफलता के लिए जमीनी काम किए बगैर कोई भी सामाजिक एजेंडा हासिल नहीं किया जा सकता है। 2014 में राज्यों पर भाजपा की मजबूत पकड़ से कठिन आर्थिक सुधार करने का सुनहरा मौका मिला था लेकिन उन्होंने उसे गंवा दिया है। सतत वृद्धि के पथ पर बढ़ने के लिए ये सुधार बेहद जरूरी थे। अब वह 'सशक्त भारत' के एजेंडे का विस्तार अर्थव्यवस्था तक कर अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। भारत जैसे युवा देश में बढ़ती बेरोजगारी वर्ष 2020 में मोदी के समक्ष मौजूद चुनौतियों एवं खतरों दोनों को अभिव्यक्त करती है।

विनय सिन्हा

# हकीकत से दूर है सत्ता की मानसिकता

सत्ताधारी राजनेताओं की बातें उपदेशात्मक हो जाती हैं। उन्हें सुनकर यह साफ हो जाता है कि वे हकीकत से पूरी तरह कटे हुए हैं। इस संबंध में विस्तार से बता रहे हैं **देवाशिष बसु**

भारत में शासन करने का पहला नियम यह है कि जन प्रतिनिधि सत्ता में आते ही जनता की बातें सुनना बंद कर देते हैं। दूसरा नियम यह है कि कोई समूह जितने लंबे समय तक सत्ता में रहता है, उतना ही अहंकारी और हकीकत से दूर होता जाता है। तीसरा नियम यह कि सत्ताधारी दल के राजनेता एक दूसरे की अनुगूंज बन जाते हैं, भले ही हम सुनने वालों को वह कितना ही मूर्खतापूर्ण और वास्तविकता से परे नजर आए। इन नियमों के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण इस समय हमारे आसपास हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के 2011-13 के अंतिम दिनों को याद कीजिए। व्यापक भ्रष्टाचार, एक जघन्य बलात्कार, आर्थिक मोर्चे पर ठहराव और नीतिगत विफलताओं ने पूरे देश को जकड़ रखा था। इसका विरोध करने के लिए उस दौर में गरीब, व्यस्त और असंवेदनशील लोग भी सड़क पर उतर आए थे। क्या मौजूदा दौर में भी मनोदशा उसी दिशा में बढ़ रही है? संप्रग-2 के दौर के तमाम कारक हमारे बीच मौजूद हैं केवल भ्रष्टाचार को छोड़कर। कुशासन और उद्देश्यविहीन विचलन देखे जा सकते हैं। एक बार फिर जघन्य बलात्कार के खिलाफ प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, अर्थव्यवस्था में गिरावट का सिलसिला जारी है, अब अचानक लोगों को नागरिकता और राष्ट्रीय पंजीयन की नई प्रक्रिया से दो-चार होना पड़ सकता है। इसकी कुल लागत 70,000 करोड़ रुपये से अधिक होगी। यह ऐसे समय पर हो रहा है जब सरकार का खजाना खाली है। गलत समय पर उठाए गए इस कदम के खिलाफ स्वत: स्फूर्त विरोध देश भर में देखने को मिल रहा है। ठीक पिछली सरकार की तरह छह साल से सत्ता में बनी हुई यह सरकार भी सुनने को तैयार नहीं है।

पिछले प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से ईमानदार थे लेकिन वह नागरिकों और कारोबारियों की रोजमर्रा की समस्याओं से दूर नजर आते थे। मौजूदा प्रधानमंत्री भी इससे कतई अलग नहीं नजर आते। उनके मंत्री भी एक सिरे से हकीकत से दूर नजर आते हैं। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम किसी सम्राट की तरह बातें किया करते थे। वह आर्थिक कारकों को आदेश देते थे कि वे सक्रिय हों और वह मानो घटनाओं को सुनिश्चित करते थे। कुछ दिन पहले मौजूदा वित्त मंत्री ने भी लगभग वैसी ही टिप्पणी में कहा, 'मैंने सरकारी बैंकों से कहा है कि वे रिवर्स रीपो का इस्तेमाल करने के बजाय ऋण दें।' उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार बैंकों की निर्णय प्रक्रिया में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी। उन्होंने देश के कारोबारी जगत को भी यह 'सलाह' दी कि वे निजीकृत की जा रही सरकारी कंपनियों को लेकर उत्साह दिखाएं। उन्होंने कंपनियों से कहा कि वे अपने मन का संदेह दूर करें और कारोबारी भावना जागृत करें।

जाहिर है कंपनियां उनकी बात नहीं सुन रहीं। करीब 16 वर्ष पहले तत्कालीन विनिवेश मंत्री अरुण शौरी ने कहा था कि सरकारी कंपनियां कोई ताज में जड़ा आभूषण नहीं हैं बल्कि ये ऐसे घाव हैं जिनसे रक्तस्राव हो रहा है। एक के बाद एक सरकारों के कार्यकाल में उनकी स्थिति और खराब हुई है। ऐसे में किसी से यह कहना कि वह इन कंपनियों के लिए उत्साहित होकर बोली लगाए, हास्यास्पद ही है। उसी दिन प्रधानमंत्री ने औद्योगिक संगठन एसोचैम के सदस्यों से कहा कि वे निर्भय होकर निवेश का निर्णय करें। सुनने वालों में देसी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दिग्गज शामिल थे। जैसा कि मैंने कहा, राजनेता एक अलग ही दुनिया में रहते हैं।

ऐसा कोई व्यक्ति जिसे देश में कारोबार की समझ है। वह जानता है कि देश में कारोबार को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाना और लाखों रोजगार तैयार करना कितना मुश्किल है। जो कंपनियां बची रहीं और देश की विषाक्त राजनीतिक अर्थव्यवस्था में फली-फूलीं उन्हें रोज रिश्वत, निर्णय प्रक्रिया में देरी, तमाम तरह के कायदों और लाइसेंस, अदालती मुकदमों, राजस्व विभाग की मांग, पुरातन कानूनों आदि से निपटना पड़ा। उन्हें भाषण की जरूरत नहीं है। आखिर राजनेता, जिनमें से कुछ ने तो चुनाव भी नहीं जीता, जीवन में बहुत उपयोगी कुछ नहीं किया, रोजगार या संपत्ति नहीं पैदा की, उन्हें इन सफल उद्योगपतियों को यह भाषण देने में शर्म नहीं आती कि वे साहसी बनें और अपने संशय से बाहर निकलें?

वजह आसान है: एक बार सत्ता में आने के बाद वे हकीकत से दूर हो जाते हैं और तमाम असहज करने वाले तथ्यों को नकारात्मकता बताने लगते हैं। उन्हें लगता है कि जो वे कर रहे हैं वही सही है। वर्ष 2008 के बाद फंसे कर्ज में इजाफे के लिए जिम्मेदार रहे तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी का भी यही रुख था। हाल ही में प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि अर्थव्यवस्था डांवाडोल है क्योंकि मौजूदा सरकार को पिछली सरकार का कचरा साफ करना पड़ा। इसे सच मान लिया जाए तो क्या कोई प्रधानमंत्री से पूछेगा कि उन्होंने ऐसी गंदगी के जिम्मेदार व्यक्ति को भारत रत्न का खिताब क्यों दिया? हमसे यह अपेक्षा नहीं की जाती कि हम यह या ऐसे तमाम अन्य असहज करने वाले प्रश्न करें। जबकि नेता प्राय: एक दूसरे की बात दोहराते हुए यह बताते रहते हैं कि लोगों को क्या करना चाहिए। वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री ने एक ही दिन यह अपील की कि कारोबारियों को घबराना नहीं चाहिए।

मुझे यह सब देखकर अचरज होता है कि आखिर रोजगार की कमी से जूझ रहे देश में रोजगार तैयार करने वाले सफल कारोबारी रोजगार नष्ट करने वाले राजनेताओं के समक्ष याचक की भूमिका में क्यों नजर आते हैं। उन्हें उनकी बेतुकी सलाह सुननी पड़ती है। पिछले दिनों एसोचैम की बैठक में प्रधानमंत्री पर्याप्त तालियां न बजने से नाखुश थे। उन्होंने यहां तक कह दिया कि वहां मौजूद लोग समझ ही नहीं रहे हैं कि वह क्या कहना चाहते हैं। इन सफल कारोबारियों ने इस अपमान पर हंसना शुरू किया और तालियां बजानी तेज कर दी। जब प्रधानमंत्री ने उनका और अपमान करते हुए आरोप लगाया कि वे विभिन्न मंत्रियों को फोन करके उनसे मदद का अनुरोध करते हैं तो वे खामोशी से सुनते रहे।

मैं समझता हूं कि इस विषय में ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता है। सरकार को पांच साल में एक बार ही बदला जा सकता है और इससे भी कुछ खास नतीजा निकलता नहीं दिखता। हमें कम से कम इस अंतहीन भाषणबाजी की अनदेखी करनी चाहिए और देशभक्ति, राष्ट्रवाद, उद्यमिता, स्वच्छता आदि को लेकर अंतहीन सवालों की झड़ी का शिकार बनने से इनकार करना चाहिए। इसलिए क्योंकि नेता, बाबू और राजनीतिक दल स्वयं को इन तमाम परीक्षणों से सुरक्षित रखते हैं।

# भारतीय अदालतों में क्यों कारगर नहीं होगी कृत्रिम मेधा

अदालती आईना

एम जे एंटनी

**कृत्रिम मेधा को भारत में कई अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। मुकदमा लड़ रहे लोगों को जीतने में मदद करने वाले ज्योतिषी वकीलों के चैंबरों के आसपास मंडराते रहते हैं।**

**अगर** देश के सभी कानूनों को एक के बाद एक साथ जोड़ लिया जाए तो इससे एक अंतहीन सिलसिला बन जाएगा। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है जिसमें 1,17369 शब्द हैं। अमेरिका के संविधान में केवल 4,543 शब्द हैं। देश में 1,248 मुख्य कानून हैं। हालांकि केंद्रीय और राज्य कानूनों की कोई गिनती नहीं है। उच्चतम न्यायालय हर साल जो फैसले देता है, वे 16 खंडों में छपते हैं। इसे 24 उच्च न्यायालयों से गुणा कर दीजिए। फिर हर राज्य के लिए प्रक्रियागत नियम हैं। इन आंकड़ों को केवल कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) से ही संभाला जा सकता है। कृत्रिम मेधा विधि क्षेत्र में नई अवधारणा है।

अलबत्ता, भारतीय विधि व्यवस्था अब भी बुनियादी डिजिटल साक्षरता से जूझ रही है। उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने के लिए शुरू की गई ई-फाइलिंग व्यवस्था को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है। पिछले तीन वर्षों में इसके माध्यम से केवल कुछ सौ याचिकाएं ही दायर की गई हैं। ऐसा वकील दिखना दुर्लभ है जो सामने लैपटॉप रखकर अदालत में अपनी दलील पेश करे। उच्चतम न्यायालय ने हाल में पास ही 12 एकड़ में फैली बहुमंजिला इमारतों में अपना विस्तार किया है। यह इस बात का संकेत है कि न्यायपालिका अभी कृत्रिम मेधा के लिए तैयार नहीं है। आम बजट में न्यायपालिका के लिए 0.2 फीसदी बजट रखा गया है, उसे देखते यही उम्मीद की जा सकती है।

मुख्य न्यायाधीश एसए बोबड़े ने हाल ही में घोषणा की थी कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। फिर भी वह कृत्रिम मेधा की भूमिका को अहम मानते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रति सेकंड 10 लाख शब्द पढ़ सकता है और हजारों पन्नों वाले मामलों में सवालों का जवाब दे सकता है। हाल में अयोध्या मामले में ऐसा देखने को मिला था।

चूंकि न्यायपालिका की कृत्रिम मेधा अपनाने की रफ्तार बहुत धीमी है, इसलिए स्वाभाविक है कि विधि पेशेवरों की चाल भी धीमी है। डेटा क्रांति के लिए विधि कॉलेजों में बहुत कम तैयारी है। विधि विभाग पुराने पाठ्यक्रमों में उलझे हुए हैं और वे भविष्य में ऐसे वकील बनाने के लिए तैयार नहीं हैं जो कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल कर सकें। न्यायाधीशों की भी डिजिटल में रुचि नहीं है और वे अब भी पुराने दौर से बाहर आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

हालांकि कानून और प्रक्रियाओं से संबंधित सॉफ्टवेयर धीरे-धीरे बाजार में उपलब्ध हो रहे हैं लेकिन अभी कुछ ही विधि फर्में उनका इस्तेमाल कर रही हैं। सामान्य वकील उनका बोझ वहन नहीं उठा सकते हैं और न ही उन्हें इस्तेमाल कर सकते हैं। इतना ही नहीं, अगर वकील के कमरे में कानून की ढेरों किताबें रखी गई हैं तो मुवक्किल भी इससे प्रभावित होते हैं। वकील मौजूदा व्यवस्था में ज्यादा सहज महसूस करते हैं और इसे अपने कारोबार के लिए अच्छा मानते हैं।

कृत्रिम मेधा अभी मुख्य रूप से शोध के लिए उपयोगी है। अभी विधि फर्में में जूनियर वकील यह काम करते हैं। कृत्रिम मेधा के जरिये इस काम को बेहतर ढंग से किया जा सकता है। यह कंपनी जगह के मुवक्किलों को सलाह देने में मददगार है और इसके जरिये उन्हें अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाने से पहले पूरी प्रक्रिया से वाकिफ कराया जा सकता है। बार-बार होने वाले नियमित काम में इसकी उपयोगिता बहुत ज्यादा है। सर्वेक्षणों के मुताबिक यह 70 फीसदी से अधिक सटीक होता है। विधि पेशेवरों को आशंका है कि एआई के आने के बाद उनका भी वही हाल हो सकता है जो भाप इंजन आने के बाद घोड़ों का हुआ था।

दूसरे मायनों में भी कृत्रिम मेधा का भविष्य वकीलों के लिए शुभ नहीं है। आशंका है कि एक बार शुरू होने के बाद यह किसी भी मामले के परिणाम की भविष्यवाणी कर सकता है। यह कानून, नजीर और न्यायिक सोच को बेहतर समझता है। इसमें केवल मानवीय कारक नहीं है जैसे न्यायाधीशों का रवैया और वकीलों के तर्क। अगर अदालत में कैमरे की अनुमति दी जाए तो कृत्रिम मेधा न्यायाधीश के भावों का बेहतर विश्लेषण कर सकता है।

अगर कृत्रिम मेधा का चलन आम हो गया तो मुवक्किल भी अपने मामलों की सफलता का अनुमान लगाने के लिए सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर उन्हें लगता है कि उनका पक्ष कमजोर है तो वे मध्यस्थता या निपटारे में जाना पसंद करेंगे। इससे विधि पेशेवरों का भारी नुकसान होगा। डॉक्टरों को अक्सर मरीजों के खास सवालों का सामना करना पड़ता है। गूगल ने अब लोगों को काफी समझदार बना दिया है। वकीलों को भी भविष्य में इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। अंत में कृत्रिम मेधा को भारत में कई अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। मुकदमा लड़ रहे लोगों को जीतने में मदद करने वाले ज्योतिषी वकीलों के चैंबरों के आसपास मंडराते रहते हैं। भृगु संहिता में मौजूदा और भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में पूरी जानकारी होती है। फिर कम से कम दो मंदिर ऐसे हैं जहां के देवताओं को मुकदमा लड़ रहे लोगों को जीत का आशीर्वाद देने में विशेषज्ञता हासिल है। इनमें से एक मंदिर हिमाचल में और दूसरा केरल में है।

## कानाफूसी

### झारखंड में साफ-सफाई

झारखंड में गठित नई सरकार ने सोमवार को मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव तथा आईएएस अधिकारी सुनील कुमार बर्णवाल को उनके पद से हटा दिया। बर्णवाल वर्ष 2015 से इस पद पर थे और उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री तथा भाजपा नेता रघुवर दास का करीबी माना जाता था। सूत्रों ने कहा कि पिछले शासन में उनके कार्यों तथा कुछ दूसरी अटकलें इस निष्कासन का कारण रहे। हालांकि जल्द ही राज्य सरकार का बजट पेश किया जाना है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार केवल अहम पदों पर ही ध्यान दे रही है। ऐसी अटकलें भी हैं कि बर्णवाल ने चुनाव परिणाम घोषित होने से ठीक पहले ही केंद्र में किसी पद के लिए आवेदन कर दिया था। हालांकि बाद में इसके परिणाम के बारे में जानकारी नहीं है। फिलहाल वह कार्मिक मामलों की समन्वय एजेंसी कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग से जुड़े हैं।

### समानांतर समारोह

कांग्रेस पार्टी देशभर में अपना 135वां स्थापना दिवस (28 दिसंबर) मना रही है। पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई से निष्कासित कुछ नेताओं ने भी अलग से इस मौके पर जश्न मनाया लेकिन साथ ही पार्टी द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई करने के खिलाफ आवाज भी उठाई। पिछले महीने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य संतोष सिंह और उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक सिराज मेहंदी सहित राज्य के 10 वरिष्ठ नेताओं को अनुशासनहीनता के आरोप में छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था। एक तरफ उत्तर प्रदेश की 'आधिकारिक' कांग्रेस इकाई लखनऊ में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की मेजबानी करने में व्यस्त थी, वहीं दूसरी ओर निष्कासित नेताओं ने दावा किया कि वे ही 'वास्तविक' कांग्रेस इकाई हैं। निष्कासित नेताओं ने कहा कि पार्टी की मौजूदा अनुशासनात्मक इकाई के पास उन्हें बाहर निकालने का कोई अधिकार नहीं था और इसमें आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोग शामिल हैं।

## आपका पक्ष

### शांति से सुलझे राष्ट्रीय मसला

राष्ट्रीय महत्त्व के मसलों को हिंसा के सहारे नहीं सुलझाया जा सकता है। बाहर से आए जो लाखों लोग दशकों से पूर्वोत्तर में रह रहे हैं उन्हें उनके हाल पर नहीं छोड़ा जा सकता है। उन्हें नागरिक या शरणार्थी घोषित करने का काम करना ही होगा। इस मामले में एक सीमा तक ही उदारता दिखाई जा सकती है, क्योंकि भारत के पास इतने संसाधन नहीं है कि वह हर किसी को देश में रहने का अधिकार दे सके। विपक्ष असम की तर्ज पर पूरे देश में एनआरसी लागू करने की घोषणा का विरोध कर रहा है लेकिन उसे यह समझना होगा कि हर देश को यह जानने का अधिकार है कि उसके यहां रह रहे लोगों में कौन उसके नागरिक हैं। अन्य देशों की तरह भारत को भी अपने और दूसरे देशों के नागरिकों की पहचान करनी होगी। दूसरे देशों के नागरिकों की पहचान करते समय यह भी देखना होगा कि कौन घुसपैठिया है और कौन शरणार्थी।

*भूपेंद्र सिंह रंगा, पानीपत*

**देश में नागरिकता संशोधन कानून का विपक्षी पर्टियां विरोध कर रही हैं**

### देश में विनिर्माण उद्योग की जरूरत

भारत में विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े उद्योगों की बड़ी संख्या में जरूरत है। इस बात से सरकार या उद्योग जगत दोनों ही सहमत होंगे। इस बात पर गौर करना होगा कि क्या विनिर्माण उद्योग को दी जाने वाली प्रोत्साहन व सहूलियतें काफी हैं। बहरहाल उद्योगों के लिए पूंजी, भूमि और मशीनरी जितनी जरूरी श्रमशक्ति भी है। अच्छे प्रबंधक वे होते हैं जो विनिर्माण के लिए उत्तम श्रमशक्ति जुटाते हैं। देश से प्रतिभा पलायन रोकना जरूरी है। जो भारतीय युवा विकसित देशों में पहले से सेवारत हैं उन्हें घर वापसी के लिए मनाना जरूरी है। ऐसे युवा उस देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं जो पहले से विकसित है।

*हिम्मत जोशी, नागपुर*

### इस नववर्ष में सोच बदलने की जरूरत

नववर्ष में शुभकामनाएं देने के साथ हर किसी को अपने स्वार्थी, संकीर्ण और नकारात्मक सोच भी बदलनी चाहिए, तभी नववर्ष हर किसी के लिए मंगलमय और समाज, देश में नया परिवर्तन लेकर आएगा। अगर आप किसी का भला नहीं कर सकते तो किसी का बुरा भी न करें। नववर्ष पर परोपकार का संकल्प लिया जाए तो यह देश और समाज में एक नया और अच्छा बदलाव ला सकता है। देश का प्रत्येक नागरिक अगर अपने अंदर लोकसेवा की भावना का दीपक जलाए तो देश में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। हर गरीब के भूखे पेट को भोजन मिल सकेगा। किसी गरीब को इलाज महंगा होने के कारण अपनी जान से हाथ नहीं धोना पड़ेगा। भारत साल दर साल विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की करता आ रहा है, साथ ही कुछ ऐसी समस्याएं भी पैदा भी हुई हैं जो खुद इंसान और अन्य प्राणियों के अस्तित्व के लिए भी खतरा है। भारत में भी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक व्याधियां बढ़ती जाएंगी। दुनिया में जो धर्म-संप्रदाय के नाम पर गलत काम हो रहे हैं वह इंसान के लिए उचित नहीं है। विश्वव्यापी समस्याओं का हल निकालने के लिए दुनिया के सभी नागरिकों, सत्ताधारियों को एकजुट होना चाहिए। अगर 2020 के लिए राजनेता और हर कोई देश के कल्याण के लिए संकल्प ले तो अवश्य ही देश में कुछ न कुछ अवश्य बदलाव हो सकता है।

*राजेश कुमार चौहान, जालंधर*

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिजनेस स्टैंडर्ड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in
पत्र/ईमेल में अपना डाक पता और टेलीफोन नंबर अवश्य लिखें।

दैनिक जागरण
संकल्प वही लें जिन्हें पूरा करने में सक्षम हो सकें

# नव वर्ष की अभिलाषा

नव वर्ष का आगमन कैसी भी परिस्थितियों में हो वह शुभ का संचार करता है और कुछ नया एवं बेहतर होने की उम्मीदें जगाता है। यही उम्मीदें व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को प्रेरित एवं संचालित करती हैं। वैसे तो हर क्षण नया अवसर लेकर आता है, लेकिन नव वर्ष का आगमन एक ऐसा समय होता है जो सकारात्मक भाव को पुष्ट करता है। यह समय कुछ बेहतर करने की चाह पैदा करने के साथ ही अतीत की भूलों से बचने और उनसे सबक सीखने का अवसर भी प्रदान करता है, लेकिन यह अवसर तभी उपयोगी साबित होता है जब नकारात्मकता का परित्याग कर अपने आस-पास जो कुछ घट रहा है उसे सहीं संदर्भ और परिप्रेक्ष्य में देखा जाए। ऐसा करके ही व्यक्ति अपना और साथ ही समाज एवं राष्ट्र के साथ समस्त मानवता के हित में कुछ करने में समर्थ हो सकता है। ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जो यह बताते हैं कि कैसे एक अकेले व्यक्ति या फिर एक छोटे से समूह ने अपने बलबूते वह संभव कर दिखाया जो कल तक असंभव माना जा रहा था। निःसंदेह ऐसे भी उदाहरण हैं जो यह दिखाते हैं कि किसी ने अपनी सामर्थ्य से अपने आसपास के लोगों को तो राह दिखाई ही, शासन एवं प्रशासन को भी सीख और समझ प्रदान की। इससे अपेक्षित परिवर्तन की गति रफ्तार पकड़ती है और साथ ही सकारात्मकता को बल मिलता है। यह सकारात्मकता ही सफलता की जननी बनती है।

यह एक तथ्य है कि हम भारत के आम लोग सरकारी प्रयासों के तहत ही नहीं, स्वतः भी सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इसके चलते देश एक बदलाव की ओर अग्रसर है। निःसंदेह किसी भी देश का शासन-प्रशासन सरकारी तंत्र के जरिये ही संचालित होता है, लेकिन देश बनता और संवरता है आम लोगों के सहयोग और समर्पण भाव से। देश बनाने और संवारने का काम सही तरह तब होता है जब समाज सुशिक्षित बनता है और अपनी आबादी का नियोजन बेहतर ढंग से करने को तत्पर रहता है। इस क्रम में लोगों को समाज के कमजोर तबकों के प्रति विशेष संवेदनशीलता तो दिखानी ही होती है, नारी सशक्तीकरण जैसे लक्ष्यों की प्राप्ति को भी ध्येय बनाना पड़ता है। अब तो हम उस कालखंड में हैं जहां हमें समाज और राष्ट्र निर्माण की चिंता करने के साथ ही जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी विशेष सजग रहने की सख्त जरूरत है। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि नए वर्ष का आगमन हम सबको अपने ऐसे ही कर्तव्यों के प्रति सचेत और सक्रिय करने की न केवल अभिलाषा जगाए, बल्कि उसे पूरा करने का मार्ग भी दिखाए।

# बिगड़ी कानून-व्यवस्था

पंजाब में कानून-व्यवस्था ठीक नहीं हो सकी। पूरे साल तो नशा तस्करों से लेकर गैंगस्टरों और हत्याओं के कारण पंजाब चर्चा में रहा ही, साथ ही अपने गलत कारनामों के कारण खाकी ने भी खूब किरकिरी करवाई। कारागार से कारोबार और जेल में मोबाइल से लेकर सभी प्रकार की सुख-सुविधाओं को लेकर गैंगस्टर सालभर चर्चा में रहे। पंजाब पुलिस, जिसके कंधों पर राज्य में नशे और उसके तस्करों से लोहा लेने की जिम्मेदारी थी, उसके अपने कर्मचारी और अधिकारी नशा तस्करी के धंधे में संलिप्त पाए गए। पटियाला में तो दर्जनभर से ज्यादा ऐसे दागी कर्मचारियों को बर्खास्त ही करना पड़ा था। तरनतारन में तो खाकी को दागदार करने वाली पटियाला की एक महिला एएसआइ नशे के साथ पकड़ी गई थी। करोड़ों की मालिक इस शातिर महिला थानेदार ने चिट्टे की काली कमाई को गैंगस्टरों के माध्यम से प्रॉपर्टी में निवेश कर रखा था। राज्य में हत्याओं, खासकर महिलाओं की हत्याओं को लेकर ग्राफ काफी ऊंचा रहा। अब जाते-जाते भी साल खून के धब्बे देकर जा रहा है। संगरूर के मालेरकोटला और तरनतारन के जीओबाला गांव में हत्या के मामले सामने आए हैं। मालेरकोटला में जहां अराजक तत्वों ने एक बुजुर्ग की हत्या कर दी वहीं पर तरनतारन के गांव जीओबाला में तो एक महिला का शव हवेली में खून से लथपथ मिला। मालेरकोटला में तो बुजुर्ग को हत्यारों ने पहले चारपाई से बांधा फिर तेजधार हथियार से उसका गला रेत डाला। बुजुर्ग रेलवे स्टेशन के सामने दुकान करता था और दुकान के पीछे ही उसका घर था। जबकि तरनतारन के जीओबाला में जिस हवेली से महिला का खून से सना शव मिला, हत्या के दौरान उसी हवेली के आगे से नगर कीर्तन निकल रहा था। महिला नगर कीर्तन से ही घर लौटी थी कि घर पहुंचने से पहले ही किसी ने रास्ते में उसकी हत्या कर शव खाली हवेली में फेंक दिया। पिछले कल बठिंडा में भी लिव-इन-रिलेशन में रह रही महिला को उसके प्रेमी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मार डाला था। बीते साल में तो कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत बुरी रही लेकिन उम्मीद है कि नए साल में पुलिस प्रशासन खाकी पर लगे दाग धोकर अपनी अच्छी तस्वीर पेश करेगा।

**बीते साल में तो राज्य में हत्याओं, खासकर महिलाओं की हत्याओं को लेकर ग्राफ काफी ऊंचा रहा। कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत बुरी रही, लेकिन उम्मीद है कि नए साल में पुलिस प्रशासन खाकी पर लगे दाग धोकर अपनी अच्छी तस्वीर पेश करेगा**

# नए साल की आर्थिक चुनौतियां

डॉ. भरत झुनझुनवाला

**नव वर्ष के आगमन पर सरकार को छोटे उद्योगों को पुनर्जीवित कर रोजगार के अवसर सृजित करने को एक चुनौती के तौर पर लेना चाहिए**




अवधेश राजपूत

नए साल का राजनीतिक और सामाजिक मोर्चे पर चाहे जैसा परिदृश्य बने, इसके संकेत साफ दिख रहे हैं कि आर्थिक परिदृश्य और मुश्किल हो सकता है। समस्या यह है कि मध्यधारा के हमारे अर्थशास्त्री मूल समस्या को चिन्हित ही नहीं कर पा रहे हैं। उनके द्वारा मौजूदा आर्थिक सुस्ती के चार प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण रियल एस्टेट क्षेत्र में सुस्ती को बताया जा रहा है, लेकिन बड़ा प्रश्न यही है कि रियल एस्टेट में मंदी किस कारण आई और वह भी 2016 के बाद ही क्यों? इसकी गहराई से पड़ताल नहीं की जा रही है कि बाजार में मांग कम क्यों हुई? आर्थिक सुस्ती का दूसरा कारण यह बताया जा रहा है कि सरकारी बैंकों के ऋणों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। यहां एक बार फिर सवाल खड़ा होता है कि यह समस्या भी 2016 के बाद ही क्यों उत्पन्न हुई? सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा ऐसे खराब ऋण तो पहले भी दिए जा रहे थे। वास्तव में 2014 में राजग सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की कार्यशैली में सुधार ही हुआ है। ऐसे में मौजूदा समस्या का सही कारण यही लगता है कि जिन कंपनियों को बैंकों ने ऋण दिए, उनका माल ही नहीं बिक रहा। इसी कारण वे कर्ज का भुगतान नहीं कर पा रहीं।

आर्थिक सुस्ती की तीसरी वजह जनसंख्या बताई जा रही है। यह बात भी गले नहीं उतरती। वास्तव में इसी जनसंख्या के चलते देश को फिलहाल डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ हासिल है। वर्ष 1970 में 16 से 65 वर्ष के कामकाजी प्रत्येक 100 लोगों पर 81 बच्चे एवं वृद्ध आश्रित थे। वर्तमान में यह आंकड़ा प्रत्येक 100 कार्यरत लोगों पर केवल 50 आश्रितों का रह गया है। कामकाजी आबादी पर आश्रित जनसंख्या का आर्थिक भार कम हुआ है। इससे बची हुई रकम का उपयोग वे निवेश के लिए कर सकते हैं। इस तरह कहा जा सकता है कि फिलहाल जनसंख्या हमारी पूंजी है न कि बोझ।

आर्थिक सुस्ती का चौथा कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुस्ती को भी बताया जा रहा है। यह भी सच नहीं है। वर्ष 2001 से 2010 तक विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत थी जबकि 2011 से 2019 तक 2.9 प्रतिशत रही। वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय सुदृढ़ है। इससे भी बढ़कर तो यह बात है कि फिलहाल कच्चे तेल के दाम इस समय न्यून स्तर पर हैं और राजग सरकार भी मूल रूप से ईमानदार है। इस कारण सरकारी बजट का भी अतीत की तुलना में बेहतर तरीके से उपयोग हो रहा है। इस लिहाज से तो फिलहाल हमारी अर्थव्यवस्था को आसमान छूना चाहिए था जबकि हमारी विकास दर पस्त पड़ी हुई है। यही सबसे बड़ी हैरानी की बात है।

इन कारणों के उलट मुझे नोटबंदी और जीएसटी जैसे कदम आर्थिक सुस्ती के लिए ज्यादा जिम्मेदार लगते हैं। नोटबंदी के कारण नकदी केंद्रित छोटे उद्योगों को जो चोट पहुंची, वे उससे उबर ही नहीं पाए। वहीं जीएसटी ने एक राज्य से दूसरे राज्य में माल पहुंचाना बहुत आसान बना दिया जिससे मुख्य रूप से बड़े उद्योग ही लाभान्वित हुए जबकि छोटे उद्योग लड़खड़ाते गए। वहीं छोटे उद्योगों पर जीएसटी अनुपालन का बोझ भी ज्यादा पड़ रहा है। इससे उनकी हालत लगातार खराब हो रही है। इससे रोजगार भी घट रहे हैं, क्योंकि छोटे उद्योगों से ही सबसे ज्यादा रोजगार सृजित होते रहे हैं। रोजगार घटने से मांग कम हुई है जिसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। इस बीच एक और विरोधाभास देखने को मिला है और वह यह कि जहां हमारी विकास दर गिर रही है वहीं शेयर बाजार तेजी पर सवार है। वास्तव में यह विरोधाभासी चाल इसलिए है कि हमारी कुल अर्थव्यवस्था का आकार संकुचित हो रहा है, लेकिन उसके भीतर बड़े उद्योगों का आकार बढ़ रहा है। जैसे मान लीजिए पूर्व में हमारी कुल अर्थव्यवस्था 100 रुपये की थी और उसमें बड़े और छोटे उद्योगों का आकार 50-50 रुपये था तो आज हमारी कुल अर्थव्यवस्था 80 रुपये की हो गई है। इसका आकार छोटा हो गया और हमारी विकास दर गिर गई, लेकिन साथ ही साथ बड़े उद्योगों का आकार 50 रुपये से बढ़कर 60 रुपये हो गया और छोटे उद्योगों का आकार 50 रुपये से घटकर 20 रुपये हो गया। बड़े उद्योगों का आकार बढ़ने से शेयर बाजार उछल रहे हैं। साथ ही साथ कुल आकार छोटा होने से विकास दर घट रही है। यह प्रमाणित करता है कि मुख्य समस्या छोटे उद्योगों के विघटन के कारण उत्पन्न हुई है।

मेरे हिसाब से आर्थिक सुस्ती का दूसरा कारण सामाजिक तनाव है। गोरक्षा, अनुच्छेद 370 की समाप्ति और नागरिकता कानून जैसी पहल पर समाज में तनाव बढ़ रहा है। सरकार के ये कदम सही हैं या गलत, यह अलग विवेचना का विषय है, लेकिन इस तनाव के कारण अमीर लोग बड़ी संख्या में देश छोड़कर दूसरे देशों की ओर रुख कर रहे हैं। वे अपने साथ अपनी पूंजी लेकर जा रहे हैं। जानकारों के अनुसार हर वर्ष सैकड़ों अमीर देश छोड़कर पलायन कर रहे हैं। हमारी अर्थव्यवस्था के गुब्बारे से हवा निकल रही है। घरेलू उद्यमियों में भी कुछ निराशा का माहौल है। इन सब कारणों से देश में निजी निवेश कम हो रहा है और हमारी विकास दर गिर रही है।

आर्थिक सुस्ती को तोड़ने के लिए सरकार वित्तीय घाटे के अस्त्र का इस्तेमाल करने से भी हिचक रही है। केंद्र सरकार का वित्तीय घाटा वर्ष 2014-15 में 4.1 प्रतिशत था जो वर्तमान में 3.4 प्रतिशत हो गया है। वित्तीय घाटे के कम होने का अर्थ है कि सरकार के पास ऋण लेकर खर्च करने और बाजार में मांग बनाने के अवसर कम हैं। सरकारी खर्चों में इस संकुचन से अर्थव्यवस्था में जो सरकारी मांग उत्पन्न हो सकती थी, वह भी उत्पन्न नहीं हो रही है। इन तीन कारणों से अर्थव्यवस्था में मंदी चल रही है। तिस पर मध्यधारा के अर्थशास्त्री इन कारणों पर मौन हैं।

सरकार के सामने 2020 की पहली चुनौती है कि छोटे उद्योगों को पुनर्जीवित किया जाए ताकि रोजगार के अवसर सृजित हों। इसके लिए सरकार को छोटे उद्योगों को पहले की तरह संरक्षण देकर रोजगार उत्पन्न करने होंगे। साथ ही सेवा क्षेत्र पर ध्यान देना होगा, क्योंकि ऑनलाइन सेवाओं के वैश्विक निर्यात में अपार संभावनाएं हैं जिन्हें हम फिलहाल हासिल नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी चुनौती है कि वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने के मंत्र को त्यागकर सरकार अपने खर्च बढ़ाए। विशेषकर उन स्थानों पर खर्च बढ़ाए जिनसे छोटे उद्योगों को राहत मिले। जैसे छोटे कस्बों में मुफ्त वाईफाई उपलब्ध कराना अथवा कस्बों की सड़कों का सुधार करना अथवा उन्हें बिजली उपलब्ध कराना। ऐसे कार्यों से छोटे उद्योगों को जमीनी स्तर पर राहत मिलेगी और अर्थव्यवस्था पुनः तेजी पर सवार हो सकती है। तीसरे कदम के रूप में सरकार को सामाजिक तनाव कम करने के उपायों पर विचार करना होगा।

(लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं)

response@jagran.com

# उपहास उड़ाने वाली अज्ञानता

राजीव सचान

**2019 ने दुनिया को दिखाया कि कैसे लोग उस कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरे जिसका उनसे कोई लेना-देना ही न था**

बीते वर्षों की तरह वर्ष 2019 भी तमाम अच्छी-बुरी बातों के लिए जाना जाएगा और स्वाभाविक रूप से यह उम्मीद की जाएगी कि नया वर्ष बुरे दिन न दिखाए, लेकिन केवल शुभ की इच्छा से ही सब कुछ सही नहीं होता। अगर शुभ की कामना भर की जाए और आचरण उसके उलट किया जाए तो अभीष्ट की पूर्ति संभव नहीं। नए वर्ष में कुछ बेहतर होने की आशा की ही जानी चाहिए, लेकिन इसी के साथ इस पर गौर भी किया जाना चाहिए कि नव वर्ष का आगमन एक ऐसे समय हो रहा है जब देश के विभिन्न हिस्सों में अज्ञानता के साथ अपरिपक्वता का भी प्रदर्शन हो रहा है। सैकड़ों लोग इसलिए सड़कों पर उतर रहे हैं, क्योंकि उनके दिमाग में यह भर दिया गया अथवा उन्होंने स्वतः यह भर लिया कि नागरिकता संशोधन कानून के जरिये देश के मुस्लिम नागरिकों को बाहर निकाल दिया जाएगा या फिर एनआरसी का सहारा लेकर उन्हें डिंटेशन सेंटर भेज दिया जाएगा। भय के इस भूत को इतने जतन से खड़ा किया गया कि नागरिकता कानून का विरोध करने सड़कों पर उतर रहे लोगों को यह भी लगता है कि सरकार ने संविधान विरोधी कानून का निर्माण कर लिया है। जिन्हें ऐसा लगता है उनमें से कम से कम साठ लोग सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा चुके हैं। इनमें कई संसद सदस्य हैं। इन याचिकाकर्ताओं के वकीलों में भी कई सांसद हैं, जैसे कपिल सिब्बल। वह इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के वकील हैं। शुद्ध मजहबी आधार पर राजनीति करने वाले इस दल ने अपनी याचिका में यह दलील दी है कि नागरिकता कानून धर्म के आधार पर भेद करता है।

पता नहीं सुप्रीम कोर्ट किस नतीजे पर पहुंचेगा, लेकिन कपिल सिब्बल तर्क दे रहे हैं कि इस कानून की वैधता ही पर्याप्त नहीं। आखिर किसी कानून की संवैधानिकता सही साबित होने को अपर्याप्त बताने का क्या मतलब? क्या संविधान की व्याख्या करने का अंतिम अधिकार सुप्रीम कोर्ट के अलावा अन्य किसी के पास भी है? क्या इसमें उनकी भी कोई भूमिका होने वाली है जिन्होंने सड़कों पर उतर कर आगजनी और तोड़फोड़ की? अगर नहीं तो क्या इसके लिए कुतर्क तैयार किए जा रहे हैं कि यदि सुप्रीम कोर्ट नागरिकता कानून को सही पाता है तो उसका विरोध कैसे किया जाए? नागरिकता कानून पर नेताओं के एक वर्ग की ओर से अपरिपक्वता का प्रदर्शन किया जाना कोई नई बात नहीं। आखिर कोई यह कैसे भूल सकता है कि नेता और खासकर विपक्षी नेता झूठ का सहारा लेने की सुविधा का अतिरिक्त लाभ उठाते हैं। एक समय था जब विश्व व्यापार समझौते के डंकल प्रस्ताव का विरोध करने के लिए लालू यादव जन सभाओं में कहते थे कि अगर भारत ने इस प्रस्ताव को मान लिया तो किसानों को ऐसे बीज बोने पड़ेंगे कि टमाटर होगा तो कद्दू जैसा, लेकिन उसके अंदर गोबर निकलेगा। जब बोफोर्स का मसला सतह पर था तो वीपी सिंह अपनी जेब से एक पर्ची निकाल कर कहते थे कि इसमें उन लोगों के नाम हैं जिन्होंने दलाली की रकम ली है। यह तो सबको याद ही होगा कि कैसे अरविंद केजरीवाल यह दावा किया करते थे कि उनके पास शीला दीक्षित के भ्रष्टाचार को साबित करने वाले ऐसे दस्तावेज हैं जो उन्हें जेल भेजने के लिए पर्याप्त होंगे। इसी तरह यह तो कल की ही बात है जब राहुल गांधी ऐसा दावा करने में लगे थे जिसका मतलब था कि राफेल सौदे की कुल रकम से अधिक राशि अनिल अंबानी की जेब में डाल दी गई।

इसमें संदेह है कि नए वर्ष में राजनीति के इस चलन से छुटकारा मिलने जा रहा है। राजनीति के इस चलन से भाजपा अपरिचित नहीं हो सकती। उसे यह अहसास हो तो बेहतर कि नागरिकता कानून के विरोध में जो तूफान खड़ा हुआ उसके लिए एक हद तक वह भी जिम्मेदार है। आखिर वह यह क्यों नहीं भांप सकी कि इस कानून के खिलाफ किस तरह का दुष्प्रचार जारी है? सवाल यह भी है कि उसने आम लोगों के बीच पहुंचने और उन्हें भरोसे में लेने का काम समय रहते क्यों नहीं किया? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि जब नागरिकता कानून के खिलाफ जनता को भ्रमित किया जा रहा था तब उस एनआरसी को लागू करने का संकल्प क्यों व्यक्त किया जा रहा था जिसके बारे में सरकार के स्तर पर कोई चर्चा ही नहीं हुई थी?

निःसंदेह यह भी कोई नई-अनोखी बात नहीं कि मीडिया का एक वर्ग अपनी वैचारिक जकड़न के तहत चीजों को सही संदर्भ और परिप्रेक्ष्य में देखने से इन्कार करने के साथ ही ऐसी रट लगाना पसंद करे कि नागरिकता कानून में संशोधन कर अनर्थ कर दिया गया है। इससे भी हैरानी नहीं कि जनता का एक वर्ग किसी मसले पर सही-गलत का आकलन करने से इन्कार करे और कागज नहीं दिखाने और अपना नाम रंगा-बिल्ला बताने सरीखे शरारत एवं मूर्खता भरे दुष्प्रचार का हिस्सा बने, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता इसकी इजाजत देती है कि कोई किसी सही बात को गलत समझकर उसका विरोध करे और ऐसा करते हुए कुतर्कों का भी सहारा ले, लेकिन यह चकित भी करता है और निराश भी कि जनता के इस वर्ग में छात्र, शिक्षक, कलाकार, फिल्मकार और ऐसे ही अन्य अनेक लोग भी शामिल हो जाएं। विपक्षी नेताओं की तरह इन्हें भी नागरिकता कानून के विरोध में हुए प्रदर्शनों में कहीं कोई अराजकता नहीं दिखाई दे रही। शायद उनकी इसी अनदेखी के कारण ही पुलिस पर बेजा सख्ती के उनके आरोपों को दुष्प्रचार समझा जा रहा है। कहीं कोई अराजकता न होने के सनक भरे अभियान के बावजूद उचित यही होगा कि इन आरोपों की जांच हो। इसी के साथ उन कारणों की तह तक भी जाया जाना चाहिए जिनके चलते तमाम पढ़े-लिखे और समझदार समझे जाने वाले लोग उस कौए के पीछे भागते दिखे जिसके बारे में उन्होंने यह मान लिया कि वह उनका कान ले भागा है। क्या ऐसे अज्ञानता से भरे और घोर अपरिपक्वता का प्रदर्शन करने वाले लोग किसी भी समाज और देश के उत्थान में सहायक हो सकते हैं? आखिर दुनिया इस पर हंसने या फिर हतप्रभ होने के अलावा और क्या कर सकती है कि जब 2019 समापन की ओर बढ़ रहा था तब सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में तमाम लोग उस कानून के खिलाफ सड़कों पर उतर कर हंगामा और हिंसा कर रहे थे जिसका उनसे कोई लेना-देना ही नहीं था।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडीटर हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### सुधार का संकल्प

वक्त किसी के लिए नहीं थमता। समय के साथ अपने पड़ाव बदलता रहता है। एक और नए साल ने दस्तक दी है। हालांकि इस पड़ाव परिवर्तन के साथ दैनिक जीवन की वास्तविकताएं और चुनौतियां तो नहीं बदलतीं, अलबत्ता वक्त की नई करवट के साथ नई आकांक्षाओं के पंख अवश्य परवान चढ़ते हैं जिनमें बेहतरी की उम्मीद बंधी होती है। ऐसे में यदि आप सचमुच नए साल को सार्थक करना चाहते है तो जरूरी है कि नए वर्ष की शुरुआत ऐसे करें कि पूरा साल अपने पिछले साल की तुलना में नया बनकर हमारे जीवन में कुछ नया जोड़े। अन्यथा नए वर्ष के कुछ खास निहितार्थ नहीं रह जाएंगे।

वस्तुतः नववर्ष के स्वागत का अर्थ है एक नई चेतना, नई ऊर्जा, एक नया भाव, एक नया संकल्प, नया इरादा या कुछ ऐसा नया करने की प्रतिज्ञा, जो अब तक नहीं किया और कुछ ऐसा छोड़ने का भाव कि जिसके साथ चलना मुश्किल हो गया है। ऐसा करके ही हम नए वर्ष का सच्चे अर्थों में स्वागत कर सकते हैं। नववर्ष का मूल उद्देश्य हमारी जड़ता को तोड़कर उसे गतिशील बनाना ही है। दुर्भाग्य से नववर्ष का यह अवसर महज औपचारिकताओं की भेंट चढ़ता जा रहा है। लोग इस अवसर पर सुधारों को आत्मसात करने के बजाय शुभकामनाएं देने, खाना-पीना और मौज-मस्ती करने तक सिमट गए हैं। यदि इस मौज-मस्ती से स्वयं में नई ऊर्जा का संचार नहीं होता तो आपको समझ लेना चाहिए कि आपके लिए नववर्ष का उत्सव मनाना व्यर्थ है। नए का अर्थ ही है-सब कुछ नया। जिस प्रकार सर्प अपनी केंचुली छोड़कर एक नया आवरण धारण करता है, बिल्कुल उसी तरह नए साल में हमें भी अपनी जड़-मानसिकता को छोड़कर नवीन विचारों को अपनाना चाहिए। कुछ व्यर्थ हो चुका है, उन सबसे पीछा छुड़ाया जाए ताकि नए के लिए जगह निकाल सकें। ठीक उसी तरह इस नए साल में व्यसन और दूषित मानसिकता जैसे विकारों को तिलांजलि देकर जीवन को सही मार्ग पर आगे बढ़ाने का संकल्प लें।

नरपत दान चारण

# ध्यान खींचने में कामयाब किताबें

पीयूष द्विवेदी

**हिंदी किताबों के मामले में साल 2019 विविधतापूर्ण और समृद्ध कहा जा सकता है। कई ऐसी पुस्तकें आईं जो चर्चा में रहीं**

अब जब 2019 बीत गया है तो यह प्रश्न मौजूं हो जाता है कि हिंदी लेखन क्षेत्र के लिए गुजरा साल कैसा रहा? यह भी कि साहित्य, इतिहास, दर्शन आदि सभी प्रकार के विषयों से संबद्ध कैसी किताबें बीते साल आईं और उनका कैसा प्रभाव रहा? बात की शुरुआत 'सेपियंस' नामक किताब के जरिये दुनिया भर में छा जाने वाले लेखक युवाल नोआ हरारी की एक और किताब 'होमो डायस' से करना उपयुक्त होगा। यह किताब मूलतः अंग्रेजी में है, लेकिन इसका हिंदी अनुवाद इस साल आया है। यह किताब इस मायने में अनूठी है कि इसमें भविष्य का इतिहास लिखने की कोशिश की गई है। भविष्य का मनुष्य कैसा होगा और दुनिया की क्या स्थिति होगी, इसका तथ्यपरक और रोचक वर्णन यह किताब करती है।

इतिहास पुस्तकों की चर्चा में युवा लेखक प्रवीण झा की 'कुली लाइंस' भी उल्लेखनीय है। यह गिरमिटिया मजदूरों और उनके वंशजों पर केंद्रित एक गंभीर, शोधपूर्ण एवं रोचक पुस्तक है। वरिष्ठ भाजपा नेता और गंभीर चिंतक-लेखक हृदय नारायण दीक्षित की पिछले साल 'ज्ञान का ज्ञान' नामक एक महत्वपूर्ण किताब आई है। ईशावास्योपनिषद, प्रश्नोंपनिषद, माण्डुक्योपनिषद और कठोपनिषद इन चारों उपनिषदों के श्लोकों का भाष्य इस पुस्तक में लिखा गया है। इस क्रम में वरिष्ठ लेखक प्रमोद भार्गव की पुस्तक 'दशावतार' का जिक्र जरूरी होगा। भगवान विष्णु के दस अवतारों की विज्ञानसम्मत दृष्टि के साथ व्याख्या करती इस औपन्यासिक कृति में रोचकता और गंभीरता का बहुत सुंदर समावेश मिलता है।

राजनीतिक किताबों के लिहाज से भी बीता साल अच्छा रहा है। चर्चित लेखक विजय त्रिवेदी की पुस्तक 'बीजेपी : कल, आज और कल' इसी साल आई जो भारतीय जनता पार्टी को उसकी विकास यात्रा के आईने में समझने का प्रयास करती है। प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू पर केंद्रित पत्रकार पीयूष बबेले की किताब 'नेहरू : मिथक और सत्य' भी उल्लेखनीय है। हिंदी माध्यम से आइएएस की परीक्षा निकालकर अधिकारी बने निशांत जैन की प्रेरणादायक (मोटिवेशनल) पुस्तक 'रुक जाना नहीं' बीते नवंबर में आई है। यह किताब प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों को ध्यान में रखकर लिखी गई है। इसमें व्यक्तित्व विकास, परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने, समय प्रबंधन, लेखन कौशल आदि पर बात की गई है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए यह पुस्तक सहायक सिद्ध हो सकती है।

कविता कोश के संस्थापक ललित कुमार की किताब 'विटामिन जिंदगी' भी इस साल आई है और निश्चित ही साल की एक खास किताब है। जीवन-संघर्ष में जूझते हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्पद प्रतीत होती है। इसके अलावा रत्नेश्वर सिंह के उपन्यास 'एक लड़की पानी पानी', संगीत से संबंधित सुशोभित की 'माया का मालकौंस', डॉ. कुमार विश्वास की किताब 'फिर मेरी याद' का जिक्र समीचीन होगा। हिंदी किताबों के मामले में यह बीता साल विविधतापूर्ण और समृद्ध कहा जा सकता है।

(लेखक कला-संस्कृति मामलों के जानकार हैं)

## मेलबाक्स

### एक जेब से दूसरी जेब में डाला है

विवेक कौल अपने आलेख 'आम आदमी की जेब काटने वाला साल' में कहते हैं कि नरेंद्र मोदी की सरकार लोगों से विभिन्न मदों में वसूले 2,66,000 करोड़ रुपये बदहाल बैंकों पर खर्च नहीं करती तो इस पैसे से वह 26,600 किमी हाईवे बना सकती थी। यह इस प्रकार का तर्क है कि सरकार सेना पर तीन लाख करोड़ खर्च न करे तो 1.5 लाख अस्पताल बनवा सकती है। यदि बदहाल बैंकों को डूबने से बचाना था तो यह पुनर्पूंजीकरण अपरिहार्य था, क्योंकि बैंकों के डूबने का अर्थ था, सारी अर्थव्यवस्था का डूब जाना। अब देश ही नहीं, दुनिया में भारत की साख एवं आर्थिक दशा पर भरोसा बढ़ा है। सभी राष्ट्र भारत में निवेश कर रहे हैं। इस बढ़ते निवेश से लोगों को रोजगार मिल रहा है। यानी जनता से की गई वसूली पुनः उसकी जेब में डाली जा रही है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का एनपीए गत वर्ष के 8.96 लाख करोड़ रुपये से घटकर इस साल सितंबर में 7.27 लाख करोड़ पर आ गया। पिछले साल 6 बैंक लाभ में थे, इस साल 13 बैंक लाभ दिखा रहे हैं। बैंकों से विलय से उन पर लोगों का विश्वास और बढ़ा है। इन कदमों से जो कुछ घबराहट बाजार में थी, उसे खत्म किया गया। एकमुश्त ऋण वापसी की योजनाओं के कारण सितंबर 2019 तक 52,000 करोड़ फंसा पैसा वापस आया, जो साल के अंत तक एक लाख करोड़ रुपये पहुंचने वाला है। प्राप्त नवीन पूंजी से मुद्रा ऋण योजना में करीब 8 लाख लोगों को 5.5 लाख करोड़ रुपये लोन दिया गया। ये सब बातें बैंकों में नई पूंजी डालने तथा सरकार द्वारा आर्थिक मोर्चे पर अन्य कदम उठाने से ही संभव हुई। क्या लेखक इन तथ्यों से इन्कार कर सकते हैं?

अजय मित्तल, मेरठ

### तीनों सेनाओं को मिलेगी मजबूती

भारत की तीनों सेना जल, थल और वायु अपने आप में पूर्णतया परिपूर्ण है लेकिन एक साथ तीनों सेना को दिशा-निर्देश की कमी को तब महसूस किया गया, जब वर्ष 1999 में कारगिल का युद्ध पाकिस्तान के साथ लड़ा गया। इसमें तीनों सेनाओं के बीच सही तरीके से तालमेल, एकजुटता और सामंजस्य थापित नहीं होने के कारण देश को काफी नुकसान उठाना पड़ा था और इसी नुकसान की वजह जानने के लिए कारगिल सुरक्षा समिति का गठन किया गया, जिसके बाद के सुब्रमण्यिम के सुझाव पर देश में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस जैसे पद की मांग की गई। इस कमी को महसूस तो किया गया, लेकिन उस पर अमल नहीं किया गया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात का एलान किया था कि देश में बहुत जल्द ही सीडीएस के पद पर नियुक्ति की जाएगी। इसी वादे को पूरा करते हुए देश के प्रथम सीडीएस पद पर जनरल बिपिन रावत की नियुक्ति कर दी गई है जो अपना कार्यभार 1 जनवरी, 2020 से प्रारंभ करेंगे। ये तीनों सेनाओं को तो मजबूती प्रदान करेंगे ही, प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री को भी सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण सलाह देंगे। इस पद का महत्व देशहित में है जिससे देश की तीनों सेना और मजबूती से काम करेंगी। यह पद अगर कारगिल युद्ध के समय होता तो शायद इतने भारी पैमाने पर देश को नुकसान नहीं होता लेकिन कहते हैं न देर आए, दुरुस्त आए।

नीरज कुमार पाठक, नोएडा

### पद को मिले स्वतंत्रता

यह पत्र 31 दिसंबर के संपादकीय पेज पर प्रकाशित 'एक बड़ा बदलाव' के संदर्भ में है। आज युद्ध करने के तरीके में बहुत बड़ा बदलाव आया है। हम साइबर युद्ध की बात करते हैं। सेनाओं को तैयार करने में प्रौद्योगिकी का भी अहम रोल है। ऐसे में चीफ ऑफ डिफेंस पद का होना अत्यंत अनिवार्य है। हमारी सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह पद नौकरशाही में एक और पद बन कर ना रह जाए। इसे स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। अब जबकि पूर्व जनरल बिपिन रावत को देश का पहला सीडीएस नियुक्त किया गया है। उनके सामने बहुत चुनौतियां रहेंगी जिनका सामना उन्हें करना होगा। सबसे पहले तो तीनों सेनाओं के बीच और उसके बाद तीनों सेनाओं और नौकरशाही में सामंजस्य बैठाने की। तीनों सेनाओं के जवानों की जरूरतों और समस्याओं के निवारण के अलावा हमारी सेनाओं का किसी भी चुनौती के लिए सदैव तत्पर रहना भी अहम कार्य है। हम उम्मीद करेंगे कि जनरल रावत इन सब उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

balgovindly@gmail.com

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निद

जनसत्ता

1 जनवरी, 2020

# कुप्रबंधन का हासिल

भारत में विमानन कंपनियों का जिस तरह से भट्ठा बैठता जा रहा है, वह चिंता का विषय है। हालात बता रहे हैं कि अगर सरकार ने विमानन क्षेत्र के लिए जल्द ही सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो देश का विमानन उद्योग चौपट हो जाएगा। इस वक्त देश की सबसे बड़ी सरकारी विमानन कंपनी एअर इंडिया जिस दयनीय हालत से गुजर रही है, उससे तो लग रहा है कि भारत में विमानन कंपनियों का भविष्य अंधकारमय है। ताजा खबर यह है कि एअर इंडिया को जल्द ही कोई खरीदार नहीं मिला तो छह महीने के भीतर कंपनी बंद हो जाएगी। कंपनी पर इस वक्त साठ हजार करोड़ रुपए का कर्ज है और सरकार को इससे निपटने का एकमात्र रास्ता इसके विनिवेश का दिख रहा है। लंबे समय से कोशिशें चल रही है कि इसे किसी को बेच कर पिंड छुड़ा लिया जाए, लेकिन किसी ने भी अब तक इसे खरीदने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। हालांकि सरकार इसे जिंदा रखने के लिए बतौर ऑक्सीजन इसमें थोड़ा-थोड़ा करके पैसा डालती रही है, लेकिन इससे सिर्फ यही संभव हो पा रहा है कि कंपनी किसी तरह से अपनी सेवाओं को बनाए हुए है। सिर्फ एअर इंडिया ही नहीं, दूसरी विमान कंपनियों ने भी पिछले कुछ सालों में जिस तरह से दम तोड़ा है, उससे यह तो साफ हो गया है कि इस क्षेत्र में कारोबार की प्रबल संभावनाओं के बाद भी भारत अभी तक विमानन क्षेत्र को संभालने और सुचारू रूप से चलाने के लायक नहीं बन पाया है।

एअर इंडिया के विनिवेश की चर्चा लंबे समय से चल रही है। पिछले साल भी सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाए थे। लेकिन मामला सिरे इसलिए नहीं चढ़ पा रहा, क्योंकि एक तो सरकार चौबीस फीसद शेयर और अधिकार अपने पास रखना चाहती है और दूसरी बड़ी समस्या यह है कि कंपनी पर इतना ज्यादा कर्ज है कि कोई भी इसे खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। लगातार कर्ज बढ़ने से यह संकट और गहराता जा रहा है। विनिवेश की चर्चाओं के बाद कंपनी में नियुक्तियां, पदोन्नति जैसे काम रोक दिए गए और पंद्रह जुलाई तक के खाते भी बंद कर दिए गए थे, ताकि बोली लगाने के लिए इन्हीं खातों को आधार बनाया जा सके। कंपनी में इस वक्त दस हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं। कंपनी की माली हालत खराब होने की वजह कुप्रबंधन तो है ही, उससे भी बड़ा कारण यह है कि सरकार पर इसका लंबे समय से ग्यारह सौ करोड़ रुपए से भी ज्यादा का बकाया है। इसमें पांच सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया तो सिर्फ प्रधानमंत्री कार्यालय और कैबिनेट सचिवालय पर ही है। जाहिर है, अतिविशिष्ट लोगों की चार्टर उड़ानों की इस बकाया रकम ने भी एअर इंडिया को खोखला करने में बड़ी भूमिका निभाई है। आज हालत यह है कि विमानों के इंजन बदलने तक के लिए भी कंपनी मदद का मुंह ताक रही है।

कभी देश की नबंर-एक कंपनी होने का दावा करने वाली जेट एअरवेज भी ऐसे ही खत्म हुई। यह विमानन कंपनियों के लिए खतरे की घंटी थी। लेकिन तब हमने कोई सबक नहीं सीखा और कोई ऐसे नीतिगत कदम नहीं उठाए जो और कंपनियों को इस हालत में पहुंचने से रोकते। माना जा रहा था कि जितनी ज्यादा कंपनियां बाजार में होंगी, उतनी ही प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और विमानन क्षेत्र मजबूत बनेगा। लेकिन होता उल्टा गया। कंपनियां भारी घाटे में जाती रहीं, प्रबंधन खतरे को भांप नहीं पाए। किंगफिशर, जेट जैसी कंपनियों पर बैंकों का भारी कर्ज चढ़ता गया। अब एअर इंडिया भी उसी रास्ते पर है।

# विकास के सामने

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कायम सरकारों की जिम्मेदारी होती है कि वे विकास के लिए जरूरी मानकों को केंद्र में रख कर काम करें और हर क्षेत्र में संतुलन के साथ आगे बढ़ें। भारत जैसे संघीय और लोकतांत्रिक ढांचे में यह ध्यान रखना जरूरी हो जाता है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में विकास संतोषजनक और संतुलित स्वरूप में दिखे। यह सही है कि इस ढांचे में जो पहले से सक्षम और मजबूत राज्य हैं, वहां उपलब्धियों का पैमाना पिछड़े राज्यों से ज्यादा बेहतर होगा। लेकिन यहीं एक सवाल उभर कर सामने आता है कि अगर कमजोर और पिछड़े माने जाने वाले राज्यों में विकास के बुनियादी तत्त्वों की अनदेखी होती है या संसाधनों की कमी या फिर अन्य वजहों से जरूरी मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता है, तो क्या वह विकास की दौड़ में और नहीं पिछड़ता जाएगा? भारत में नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट में एक बार फिर इसी तरह की तस्वीर उभरी है, जिसमें दक्षिण के कुछ राज्यों ने समग्र विकास के मामले में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बेहद निराशाजनक स्थिति रही। मसलन, सतत विकास के केंद्र सरकार के मानकों पर केरल पहले स्थान पर रहा, जबकि बिहार का प्रदर्शन सबसे खराब रहा।

गौरतलब है कि सतत विकास लक्ष्य यानी एसडीजी, भारत सूचकांक-2019 में सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण के क्षेत्र में राज्यों की उपलब्धियों के आधार पर उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाता है और उनके स्थान निर्धारित किए जाते हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस कसौटी पर सत्तर अंकों के साथ केरल शीर्ष पायदान पर बना रहा। हालांकि इस बार केंद्र शासित प्रदेशों में से चंडीगढ़ ने भी सत्तर अंक हासिल किए। दूसरे स्थान पर हिमाचल प्रदेश रहा, जबकि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना तीनों ही संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। जाहिर है, इन राज्यों ने सतत विकास लक्ष्यों के अलग-अलग पैमानों पर संतोषजनक प्रदर्शन किया, लेकिन कई स्तरों पर अभी उन्हें बेहतरी के लिए काम करने की जरूरत है। विडंबना यह है कि इस आकलन में बिहार और झारखंड जैसे राज्य सबसे निचले स्तर पर हैं, जहां अमूमन हर क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने की जरूरत सबसे ज्यादा है। यह किसी से छिपा नहीं है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्रों में बिहार या झारखंड में क्या स्थिति है। पर्यावरण का सवाल भी विकास के सरोकार में शामिल नहीं हो सका है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के मसले पर कई स्तरों पर उपेक्षा भी हुई। इन राज्यों में आज भी सरकारी शिक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं का बुनियादी ढांचा काफी सुधार की मांग करता है, क्योंकि समाज के कमजोर तबकों की निर्भरता इन्हीं पर है। रोजगार की हालत में कोई खास प्रगति न होना भी इन राज्यों की तस्वीर को दयनीय बनाता है।

सवाल है कि इन राज्यों में विकास के सरकारी दावों के जरिए राज्य के लोगों और देश के बाकी हिस्सों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिशें नतीजा देने के स्तर पर इस कदर पिछड़ी क्यों हैं? यह अच्छा है कि पिछले कुछ सालों के दौरान विकास भारतीय राजनीति का भी मुख्य मुद्दा बना है और राजनीतिक बहसें भी इसी विषय पर केंद्रित होने लगी हैं। लेकिन यह भी सच है कि विकास की व्याख्या के लिए आमतौर पर अर्थव्यवस्था के ग्राफ को पैमाना बना कर पेश किया जाता है, जबकि सामाजिक स्तर पर विकास के दूसरे क्षेत्रों में प्रगति के मसलों पर चर्चा कम की जाती है। सवाल है कि अगर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मोर्चे पर क्रमिक और सतत सुधार की स्थिति नहीं बनी रहती है तो ऐसे में आर्थिक उपलब्धियों को विकास का पर्याय मानना कैसी तस्वीर बनाएगा!

## कल्पमेधा

खून की नदियां बहाने के बजाय एक आंसू पोंछने में अधिक सच्ची प्रसिद्धि है।

– बायरन

# धुंध में उड़ान की सीमाएं

अरुणेंद्र नाथ वर्मा

**कोहरे आदि के कारण जब विमानों को अपने लक्षित हवाई अड्डे की जगह कहीं और मोड़ दिया जाता है, तब भी कंपनी को घाटा उठाना पड़ता है। इसीलिए लक्षित हवाई अड्डे पर मौसम खराब होने पर कंपनियां अक्सर उड़ानों में देर करती जाती हैं, जबकि इस स्थिति से अनजान यात्री अपने गंतव्य वाले हवाई अड्डे के मौसम को सुधरते देखकर यह नहीं समझ पाते कि उनकी उड़ान बार-बार देरी से होने और इस देरी के बढ़ते चले जाने का असली कारण आर्थिक है, तकनीकी नहीं।**

सर्दियों में धुंध और कोहरे के कारण नागरिक विमान सेवाओं के ठप हो जाने से परेशान हवाई यात्रियों के मन में इस प्रश्न का उठना स्वाभाविक है कि चंद्रमा और मंगल ग्रह तक यान भेजने की तैयारी करने वाले भारत में अभी तक ऐसी सुविधाएं क्यों नहीं उपलब्ध हो सकी हैं जो हर साल लाखों यात्रियों को होने वाली इस मौसमी असुविधा का समुचित समाधान कर सकें। इस संदर्भ में नागरिक विमानन सेवाओं के प्रति कोई धारणा बना लेने से पहले यह जरूरी है कि हवाई यात्रियों को दृश्यहीनता के वातावरण में उड़ान भरने की समस्या के हर पहलू की जानकारी हो। इस सच्चाई से अधिकांश यात्री अनभिज्ञ होते हैं कि अभी तक ऐसा कोई हवाई अड्डा विश्व में नहीं है जहां शून्य दृश्यता में भारी यात्री विमानों के उतरने की सुविधा हो। हां, यह जरूर है कि शून्य दृश्यता के बहुत नजदीक पहुंच जाने तक यह संभव है। हवाई पट्टी धरातल से सौ मीटर तक की ऊंचाई तक और रनवे विजुअल रेंज (वह क्षैतिज दूरी जहां से उतरने के लिए विमान को हवाई पट्टी की शुरुआत पर लगे चिह्न और सेंटर लाइन दिखाई देने लगते हैं) कम से कम पचास फीट होने तक विमान का उतरना और उड़ान भरना संभव हो सके। ऐसी सुविधा उपलब्ध कराने वाले उपकरण का नाम है इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आइएलएस)। यह उपकरण हवाई पट्टी के बीचों-बीच एक रेडियो बीम उपलब्ध कराता है, जिसकी सीध में विमान की नाक बनाए रख कर पायलट विमान को पट्टी पर उतारता है। इस प्रणाली का दूसरा अंग धरातल से एक कोण पर उठती हुई रेडियो बीम होती है, जिसकी मिसाल बच्चों के फिसलने के लिए बनाई गई फिसलपट्टी से दी जा सकती है। इस रेडियो बीम के साथ-साथ चलते हुए विमान को ऊंचाई से नीचे तक लाया जा सकता है। कॉकपिट में पायलट इन दोनों रेडियो बीमों से विमान की आड़ी और खड़ी दूरी एक डायल पर देख कर विमान की दिशा और उतरने की गति में आवश्यक सुधार करता चलता है, साथ ही उसके कानों में इस उपकरण से आवश्यक निर्देश चुनी हुई भाषा (प्रायः अंग्रेजी) में मिलता जाता है। इनकी सहायता से विमान इतनी नीचाई तक उतारा जा सकता है, जहां से हवाई पट्टी को अपनी आंखों से देख कर पायलट लैंडिंग पूरी कर सके।

आइएलएस उपकरण तीन श्रेणियों के होते हैं। प्रथम श्रेणी अर्थात कैट वन आइएलएस की सहायता से विमान दो सौ फीट की ऊंचाई तक उतारा जा सकता है और उसके बाद उतरने के लिए सामने की दृश्यता परास कम से कम साढ़े पांच सौ मीटर तक होनी चाहिए, जहां से पायलट अपनी आंखों का इस्तेमाल करके ही विमान नीचे उतारता है। कैट टू में सौ फीट ऊंचाई और साढ़े तीन सौ मीटर रनवे विजुअल रेंज की सीमा होती है। कैट थ्री सिस्टम तीन तरह के होते हैं- 3 ए में कम से कम पचास फीट ऊंचाई और 200 मीटर की दृश्यता की सीमा होती है। कैट 3 बी सिस्टम में कम से कम पचास मीटर की दृश्यता चाहिए। अब रहा कैट 3 सी सिस्टम। सैद्धांतिक रूप से तो इसमें न्यूनतम ऊंचाई और दृश्यता की नहीं होती, लेकिन शून्य दृश्यता और शून्य ऊंचाई अर्थात रनवे पर विमान के छूने तक विमान को कैट 3 सी उपकरणों की सहायता से उतार लेने में समर्थ कोई सिस्टम न्यूयार्क के केनेडी हवाई अड्डे और लंदन के हीथ्रो के अलावा कहीं और नहीं हैं। ऐसे में पूरी दृश्यहीनता में उड़ान भरना केवल एक परिकल्पना है असलियत नहीं।

इसके बाद भी यह ध्यान में रखना होगा कि केवल हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध करा देने से आइएलएस का पूरा उपयोग नहीं किया जा सकता। इस सुविधा को इस्तेमाल करने के लिए विमानों के अंदर भी समान उपकरण का होना अनिवार्य है। इस उपकरण का पूरा उपयोग करने के लिए पायलटों का प्रशिक्षण भी उतना ही आवश्यक है। फिर प्रशिक्षण भी एक बार दे देने से काम नहीं चलेगा, पायलटों को इस उपकरण का इस्तेमाल करने का नियमित अभ्यास भी चाहिए। इतना सब होने के बाद श्रेष्ठतम आइएलएस से भी विमानपत्तन में उतरने के बिंदु तक जहाज ले जाने और फिर पार्किंग-बे तक जहाज को ले जाने में किसी तरह की मदद नहीं मिलती। इस दौरान विमान की किसी अन्य विमान से या अन्य किसी चीज से टकरा कर हो जाने वाले हादसे में विमान के पायलट को कभी माफ नहीं किया जाता। नतीजा यह होता है

कि धुंध में जहाज को टैक्सी करते समय पायलट बेहद चौकन्ने रहते हैं। नतीजतन विमानों द्वारा जमीन पर बिताया गया समय धुंध में अपेक्षाकृत काफी बढ़ जाता है। इस कारण उड़ानों के बीच का अंतराल बढ़ता चला जाता है। इंजन चालू करके जहाज को टैक्सी करने की अपेक्षा उन्हें ट्रैक्टर या टग से जमीन पर टेक ऑफ बिंदु तक ले जाने से ईंधन की काफी बचत होती है ,लेकिन आज के विशालकाय विमानों को टग करने वाले विशालकाय ट्रैक्टर भी कोहरे के कारण बहुत धीमी गति से चलाए जाते हैं। अतः इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम उच्चतम श्रेणी का होने के बावजूद धुंध और कोहरे में उड़ानों का सुचारू रूप से संपन्न होना कठिन हो जाता है। इस सब के चलते उड़ानों में देर होती चली जाती है।

संतोष का विषय है कि हर वर्ष सर्दी के मौसम में धुंध और कोहरे के शिकार बन जाने वाले उत्तर भारतीय विमानपत्तनों पर लगातार रडार और आइएलएस जैसे आधुनिकतम इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को उपलब्ध कराने के इंतजाम किए जा रहे हैं। पिछले दो-एक वर्षों में कोलकता का नेताजी सुभाष हवाई अड्डा भारत का पांचवां ऐसा विमानपत्तन बन गया है जहां पर अमृतसर, जयपुर, लखनऊ और नई दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे की तरह बहुत कम दृश्यता में विमानों के उड़ान भरने और उतर सकने के लिए आइएलएस कैट-3 बी उपलब्ध कराया गया है, बावजूद इसके कि ऐसी हर प्रणाली को स्थापित करने के लिए लगभग दस करोड़ रुपये खर्च होते हैं और उनका मासिक रख रखाव लगभग पचास लाख रुपये पड़ जाता है। नई दिल्ली में एक नहीं, तीन-तीन रनवे हैं जिन पर यह सुविधा उपलब्ध है। विमान कंपनियों को भी एक पायलट को आइएलएस का प्रशिक्षण देने में लगभग दस लाख रुपए का खर्च आता है और जारी रहने वाले प्रशिक्षण में सभी पायलटों को अभ्यास देते रहने का अर्थ है करोड़ों रुपए का खर्च। जब लगभग सभी देशों में एअरलाइंस चलाना बेहद घाटे का सौदा साबित हो चुका है, तब हमारे देश की कितनी विमान कंपनियां सारे विमान चालकों के प्रशिक्षण पर इतना धन सहर्ष करना चाहेंगी?

कोहरे आदि के कारण जब विमानों को अपने लक्षित हवाई अड्डे की जगह कहीं और मोड़ दिया जाता है, तब भी कंपनी को घाटा उठाना पड़ता है। इसीलिए लक्षित हवाई अड्डे पर मौसम खराब होने पर कंपनियां अक्सर उड़ानों में देर करती जाती हैं, जबकि इस स्थिति से अनजान यात्री अपने गंतव्य वाले हवाई अड्डे के मौसम को सुधरते देखकर यह नहीं समझ पाते कि उनकी उड़ान बार-बार देरी से होने और इस देरी के बढ़ते चले जाने का असली कारण आर्थिक है, तकनीकी नहीं। इलेक्ट्रॉनिक और एअरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में जिस रफ्तार से नित्य नया अन्वेषण देखने को मिल रहा है, उसके चलते आश्चर्य नहीं होगा कि यदि बहुत निकट भविष्य में ही पूरी दृश्यहीनता में भी विमानन कंपनियों के भारी भरकम विमान उड़ान भरने और उतरने में सक्षम हो जाएं। जैसे-जैसे देश की समृद्धि बढ़ेगी, हवाई अड्डे और अधिक हवाई यातायात संभाल सकने में सक्षम होते जाएंगे और हमारी विमानन कंपनियां बढ़े हुए खर्च को यात्रियों की सुविधा के लिए सहर्ष स्वीकार करने लगेंगी।

# वे बोझ उठाने वाले

आरती मंगल

**दुनिया मेरे आगे**

हाल ही में जब मैं एक संबंधी को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से घर लाने गई तो यह देख कर हैरान रह गई कि स्टेशन पर 'कुली' यानी सहायक, भारिक या भारवाहक नहीं दिख रहे थे। करीब एक दशक पहले की अपनी याद के मुताबिक कहूं तो रेलवे स्टेशन का जैसा दृश्य हुआ करता था, यह उससे बहुत अलग था। हालांकि अब भी ट्रेन पकड़ने के लिए वैसी ही भीड़ और धक्कामुक्की कायम थी, लेकिन कहीं-कहीं इक्का-दुक्का भारिक दिख रहे थे। उनकी गैर-मौजूदगी साफ महसूस की जा सकती थी। यह दृश्य मुझे यादों की पुरानी गली में ले गया। तब मैं एक बार रेलवे स्टेशन गई थी तो वहां मुझे दो खांचे में बंटे हुए लोग दिखे थे- एक, जिन लोगों ने अलग-अलग रंगों के कपड़े पहने हुए थे, और दूसरे वे लोग जिन्होंने सिंदूरी लाल रंग के परिधान पहन रखे थे। उन्हें आमतौर पर 'कुली' कह कर बुलाया जाता है, हालांकि उन्हें भारिक या भारवाहक कहना चाहिए। रेलवे स्टेशन पर मौजूद भारिक मुसाफिरों की भीड़ के बीच जगह बनाते हुए कुछ मेहनताने के बदले लोगों के सामान उनकी ट्रेन तक पहुंचा रहे थे। इसके अलावा, जब भी कोई यात्री उनसे कुछ पूछता तो वे ट्रेनों के बारे में जानकारी देकर उन्हें पूछताछ के लिए लगी लंबी लाइनों से बचा भी रहे थे। लेकिन अब उनकी नगण्य संख्या देख कर मैं हैरान थी। सोचती हूं कि इस स्थिति ने क्या केवल मुझे स्तब्ध किया था?

मेरा मानना है कि रेलवे स्टेशनों से भारी तादाद में भारवाहकों की गैर-मौजूदगी की एक बड़ी वजह शायद आजकल तेजी से चलन में उभरे ट्रॉली बैग हैं। यानी ऐसे बैग, जिनके नीचे छोटे पहिये लगे होते हैं और उन्हें कोई भी आसानी से एक से दूसरी जगह खुद ही ले जा सकता है। इसके अलावा, अब काफी लोग ऐसे भी हैं, जो सफर के दौरान पहले की तरह बहुत ज्यादा सामान लेकर नहीं चलते हैं। बेहतर तकनीक ने चीजों का दायरा छोटा किया है। मसलन टेक्नोलॉजी के मामले में उन्नत होने के साथ हम देख सकते हैं कि इंसानों की जगह तेजी से मशीनें ले रही हैं। लेकिन सवाल है कि मशीनों ने जिनकी जगह ली, उन लोगों का क्या हुआ? क्या वे अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं? वे कहीं हैं तो कहां और किस हाल में हैं? क्या इन सवालों से किसी को कोई सरोकार है? रेलवे महकमा इस हकीकत से बेखबर नहीं है, लेकिन चूंकि भारवाहक रेलवे से किसी नियमित कर्मचारी के रूप में तनख्वाह नहीं लेते, इसलिए उनकी जवाबदेही कोई नहीं लेता।

खैर, 2016 में भारतीय रेलवे ने रेलवे के तंत्र के आधुनिकीकरण के साथ-साथ भारवाहकों की स्थिति में सुधार के लिए कुछ उपायों की घोषणा की थी। बेशक इसे भारवाहकों के प्रति सरोकार के तौर पर देखा जा सकता है। इसके तहत उन्हें 'कुली' कहने के बजाय 'सहायक' कह कर बुलाए जाने की शुरुआत की गई थी। इसके अलावा, उनके लिए नए परिधान, उनके भीतर विनम्रता लाने के मकसद से प्रशिक्षण और ट्रॉलियों की संख्या बढ़ाया जाना शामिल था। इन उपायों के जरिए भारवाहकों की स्थिति में सुधार का दावा किया गया था, लेकिन आज वे उपाय कहीं खो गए दिखते हैं। बेशक 'कुली' एक औपनिवेशिक काल का संबोधन है और यह व्यक्ति की गरिमा को कम करता है, लेकिन भारतीय शायद उन्हें इस नजरिए से नहीं देखते हैं। फिर उनके भीतर नरमी या विनम्रता से पेश आने कौशल का विकास करने की बात एक तरह से उनकी गरिमा को कम करती है, क्योंकि इसके साथ यह मान लिया जाता है कि वे विनम्र नहीं हैं और खराब बर्ताव करते हैं।

दरअसल, यह धारणा वर्गीय दंभ या अहं से आती है। इसी तरह, उनके नए परिधानों पर कुछ प्रायोजक कंपनियों के बेमानी 'लोगो' या प्रतीक चिह्न लगाए गए। करीब सौ साल पहले ही भारवाहक सिंदूरी लाल परिधान पहनते रहे हैं। इसमें दो बातें जुड़ी थीं, जिनसे यह पता चलता था कि वे रेलवे के तहत ही आते हैं, भले ही उन्हें रेलवे का नियमित कर्मचारी नहीं माना जाता। इस तरह नए परिधान के साथ जो उनके रेलवे से जुड़े होने की छवि थी, वह खत्म हो गई। इसके अलावा, निश्चित तौर पर ट्रॉलियों की संख्या में इजाफा एक स्वागतयोग्य पहल है, लेकिन आखिर काम नहीं होने की हालत में इसका क्या इस्तेमाल होगा? जबकि भारवाहकों की मांग थी कि उनके लिए सेवानिवृत्ति लाभों की योजना, पेंशन की व्यवस्था की जाए और रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं। ऐसी स्थिति में इस तरह के उपायों का हासिल क्या होगा, यह देखने की बात होगी।

मैं यह सोच कर अक्सर हैरान हो जाती हूं कि गायब हुए भारवाहकों और उनके परिवारों का क्या हुआ होगा! अब वे क्या कर रहे होंगे? क्या वे कहीं और नौकरी करने लगे होंगे या फिर टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल, रेलवे महकमे और मंत्रालय की संवेदनहीनता या उदासीनता के बीच पिस गए होंगे? इस सबके लिए किसकी जवाबदेही तय की जा सकती है? सच यह है कि जिस दौर में सब कुछ बाजार के रहमोकरम पर छोड़ दिया गया है, उसमें आमतौर पर गरीबों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है।

## चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

### गांधी की जरूरत

हमारे देश में सामाजिक या राष्ट्रीय स्तर पर जब भी कुछ अच्छा-बुरा घटता है तो अक्सर हम भारतीय किसी न किसी रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की बात करते हैं। गांधी ने भी कहीं ऐसा ही कहा है... गांधी इसके पक्ष में कभी नहीं रहे... गांधी ने जो मार्ग दिखाया.... या आज अगर गांधी होते...! ऐसी न जाने कितनी उक्तियां नेताओं के भाषणों का ही नहीं, हम आम नागरिकों के आपसी संवाद का भी हिस्सा होती हैं । संवाद ही नहीं, विवाद की स्थिति में भी गांधी का संदर्भ आ जाता है। तकनीक के इस दौर में अब गांधी प्रासंगिक नहीं रहे, या आज की परिस्थितियों में गांधी पहले से ज्यादा प्रासंगिक हो गए हैं। ऐसा लगता है जैसे गांधी भारतीय चिंतन के केंद्र बिंदु हैं। जो भी हो, देश के हाल के दिनों में बने हालात में 'सुन ले बापू यह पैगाम, मेरी चिट्ठी तेरे नाम' जैसा कोई संदेश गांधी तक पहुंचाने की इच्छा जरूर होती है। सत्ता के निरंकुश फैसलों के खिलाफ अपने आप ही एकजुट होकर सड़कों पर उतरे हमारे विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी जब सम्मान के साथ गांधी का नाम लेते हैं, तो उनकी पीठ थपथपाने का मन करता है। प्रशासन और पुलिस की बर्बरता के शिकार हो रहे इन युवाओं के संघर्ष को देख कर यह विचार भी आता है कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के डेढ़ सौवें जयंती-वर्ष को बीतते-बीतते हिंसा के ये जख्म किसने दे डाले!

● *शोभना विज, पटियाला*

### तापमान का दंश

पेरिस समझौता, 2015 संयुक्त राष्ट्र के बैनर तले किया गया, जिसमें कुल 196 देशों ने अपने हितों को देखते हुए इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह धरती के जीवन को बढ़ाने और अपने देश के नागरिकों के हितों के लिए उठाया गया विशेष कदम था, लेकिन कुछ देश इस महत्त्वपूर्ण संगठन से अलग होने की प्रतीक्षा में हैं इस समझौते से अलग होने के। जबकि अगर इसी में अपनी भागीदारी को और सुदृढ़ करने की कोशिश की जाती तो शायद प्रतिष्ठा और जिम्मेवारी का एक कदम और ऊपर जाता। सिर्फ निजी हितों के लिए अपने ही लोगों का ही दुश्मन बन जाना कहां तक उचित और तर्कपूर्ण है? आज जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग का दंश संपूर्ण पृथ्वी महसूस कर रही है।

इस ज्वलनशील मुद्दे के लिए एक छोटी बच्ची ने विश्व को आईना दिखाया, लेकिन कुछ देश इस गंभीर संकट की अनदेखी कर रहे हैं। हम क्यों भूल जाते हैं कि हमारी पृथ्वी उस जहाज की तरह है, जिसके हम सभी क्रू मेंबर हैं, न कि यात्री! यात्री तो एक जहाज से उतर कर दूसरे जहाज पर सवार हो जाते हैं, पर हम दूसरी पृथ्वी कहां से लाएंगे? हमें अपनी पृथ्वी के प्रति उतना ही जिम्मेवार होना आवश्यक है, जितना एक जहाज के क्रू मेंबर द्वारा होता। इसलिए इस गंभीर समस्या के प्रति हमें अपना कितना अधिक योगदान करना है, यह सभी देशों को समझना होगा।

● *ऋषि कुमार, दृष्टि संस्थान, प्रयागराज*

### भाईचारे की राह

आज भारत में नफरत करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और लोग प्रेम की राह को छोड़ रहे हैं। जब देश आजाद नहीं था तो हिंदू, मुसलिम, सिख, ईसाई- सबने मिल कर इस देश को आजाद करवाया था। आज समाज में कुछ इस तरह के लोग देखने को मिल रहे हैं, जो राजनीति को लेकर वातावरण में हिंसा फैला रहे हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि आजादी की लड़ाई में मुसलमानों ने भी अहम कुर्बानियां दी हैं, जिन्होंने वतन पर हंसते-हंसते जान दे दिया। आजाद देश में भी उनकी भूमिका बेहद अहम रही है।

हिंसा से नुकसान के अलावा कुछ नहीं। आज कुछ लोग राजनीति को लेकर हिंदू-मुसलिम करते हुए झगड़ रहे हैं। आज जिस तरह की राजनीति हो गई है और उसमें नेता लोग अपनी फायदे के लिए सोचते हैं। राजनीति के नाम पर लोगों को धर्म के दायरे में समेटा जा रहा है। हम सबका इससे सतर्क हो जाना बहुत जरूरी है। इतिहास गवाह है कि जिसने नफरत की राह पकड़ी, उसकी दुर्गति ही हुई है। इसलिए हम सब को नफरत की राह को छोड़ कर सही राह पर चलना चाहिए। समाज में जहरीले बोल बोल कर नफरत को न फैलाएं, बल्कि एक दूसरे को प्रेम की बातें बताएं। सवाल है कि जिससे सबको केवल नुकसान ही होगा, वैसी बातों को फैलाने से क्या फायदा! हम सब संकल्प लें कि जो हुआ सो हुआ। अब हम सब नफरत को नहीं फैलाएंगे और समाज में जहर की राजनीति बोने वालों को राजनीतिक दुनिया से खारिज करेंगे।

● *मो जमील, मधुबनी, बिहार*

### बेरोजगारी रजिस्टर

देश को अगर कोई राष्ट्रीय रजिस्टर चाहिए तो वह राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर यानी एनआरसी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर है। अगर सरकार यह प्रस्ताव मान लेती है तो देश का हजारों करोड़ रुपए का खर्चा बचेगा, करोड़ों लोग भय और आशंका से मुक्त हो जाएंगे और बेरोजगारी सुलझाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने में मदद मिलेगी। वर्तमान हालात को देखते हुए इस समय देश में बेरोजगारी की समस्या एक मुख्य चिंता होनी चाहिए, जिसकी दर 7.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। यह पंद्रह साल से ऊपर की उम्र के वे लोग हैं, जो काम करना चाहते हैं, लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा है। इस हिसाब से 3.26 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। यह सिर्फ दर्ज लोगों की संख्या है। असंगठित क्षेत्र की कल्पना भी दहला देती है। हैरानी की बात यह है कि इन बेरोजगारों की कोई सूची सरकार के पास नहीं है। बेरोजगारी का सर्वेक्षण राष्ट्रीय सैंपल सर्वे करता है, लेकिन देश भर में एक प्रतिशत से भी कम लोगों का सैंपल लिया जाता है।

आज तक देश में सभी बेरोजगारों की कोई सूची तैयार नहीं हुई है। एनआरसी पर जोर देने के बजाय अगर सरकार चाहे तो 2021 की जनगणना के साथ बेरोजगारी रजिस्टर बनाया जा सकता है, जिसमें हरेक बेरोजगारों की शिक्षा, आयु, हुनर, कामकाज को मूल आधार बनाया जा सकता है। हालांकि यह काम आसान नहीं होगा, लेकिन एनआरसी और हर व्यक्ति की नागरिकता के सबूत जुटाने से आसान होगा। यह रजिस्टर नागरिकों में आशंका के बजाय आशा का संचार होगा, जो देश को अतीत में ले जाने के बजाय भविष्य की ओर ले जाएगा। क्या यह सरकार ऐसे किसी भविष्य की ओर बढ़ने के कदम उठाने का संकल्प रखती है? या सिर्फ अतीत के झगड़ों में उलझा कर जनता कि आंखों में धूल झोंकना चाहती हैं?

● *पारस मल बोस, बाड़मेर, राजस्थान*



www.readwhere.com